

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 7 मई 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-039 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in


Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# एयर स्ट्राइक में मसूद अजहर का पूरा परिवार खत्म

## खानदान के 10 सदस्य व चार सहयोगी मारे गए, मसूद ने रोते हुए कहा-इससे अच्छा तो मैं भी मर जाता

**करांची,7 मई।** जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर ने कहा कि पाकिस्तान के बहावलपुर में भारतीय हमलों में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार सहयोगी मारे गए हैं। भारत ने मंगलवार को सुबह 1.05 बजे पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जैश, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ आतंकी शिविरों पर हमला किया। बहावलपुर में सुभान अल्लाह परिसर पर हमला ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए दो महत्वपूर्ण हमलों में से एक था, जो पहलगाम नरसंहार के बाद भारत की प्रतिक्रिया थी जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें से ज़्यादातर पर्यटक थे। आतंकी मसूद अजहर ने चिट्ठी जारी करते हुए कहा कि दिल करता है कि काश मैं भी इस हमले में मर जाता। हमले में मसूद का अंगरक्षक घायल हो गया है। मारे गए लोगों में अजहर की बड़ी बहन और उसका पति, उसका भतीजा और



उसकी पत्नी, एक और भतीजी और उसके परिवार के पांच बच्चे शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि अजहर का एक करीबी सहयोगी और उसकी मां तथा दो अन्य करीबी सहयोगी भी भारतीय हमलों में मारे गए। जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी मसूद अजहर ने बयान जारी कर दावा किया है कि बहावलपुर में भारत के हवाई हमलों में उसके परिवार के 10 सदस्य मारे गए हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया था कि उसके घर में 14 लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान के बहावलपुर में शाम 4 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

जैश-ए-मोहम्मद ने बयान जारी करते हुए कहा कि मौलाना मसूद अजहर की बड़ी बहन के साथ मौलाना कशफ का पूरा परिवार मारा गया है। मुफ्ती अब्दुल रऊफ के पोते पोतियां बाजी सादिया के पति समेत सबसे बड़ी बेटी के 4 बच्चे घायल हुए हैं। ज्यादातर महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं। आतंकी अजहर के परिवार के सदस्यों और करीबियों को आज बुधवार (07 मई, 2025) को ही दफनाया जाएगा। जिस मिसाइल से भारत ने हमला किया उसकी कैपिसिटी एक मीटर जमीन के अंदर है। ऊपर इन्होंने मदरसा खोल रखा था और जमीन के अंदर हथियार और परिवार को छुपाने के लिए बेसमेंट बनाकर रखा था। लेकिन भारत की मिसाइल इतनी पावरफुल थी कि जमीन को भेदते हुए नीचे पहुंच गई और इसमें ये मारे गए हैं।

## संक्षेप

### पाकिस्तान की गोलीबारी से 10 नागरिकों की मौत

**श्रीनगर,7 मई।** बुधवार सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों पर हमला किया। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना की गोलाबारी में कम से कम 10 नागरिक मारे गए, जबकि 40 से अधिक अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना ने पुंछ और राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम गांवों पर भारी मोर्टार से गोलाबारी की। अधिकारियों ने बताया कि ज्यादा नागरिकों की मौत, गोलाबारी से सबसे अधिक प्रभावित पुंछ जिले में हुईं। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है,जवाबी कार्रवाई में दुश्मन की कई चौकियों को नष्ट कर दिया गया है, जिससे उनकी ओर भारी नुकसान होने और कई लोगों के हताहत होने की सूचना है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की अंधाधुंध गोलाबारी से सीमावर्ती निवासियों में दहशत फैल गई और उन्हें भूमिगत बंकरों में शरण लेने या अपने गांवों के भीतर या बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने बताया कि पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास बालाकोट, मेंढर, मनकोट, कृष्णा घाटी, गुलपुर, केरनी और यहां तक कि पुंछ जिला मुख्यालय से भी गोलाबारी की खबर है, जिसके परिणामस्वरूप दर्जनों आवासीय मकानों को नुकसान पहुंचा है।

### शाह ने छुट्टी पर गये कर्मियों को वापस बुलाया

**नई दिल्ली,7 मई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए हमलों के मद्देनजर बुधवार को सभी अर्द्धसैनिक बलों के प्रमुखों को निर्देश दिया कि वे छुट्टी पर गए अपने कर्मियों को वापस बुला लें। शाह जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने उनसे यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए।

### पीएम मोदी ने रद्द की तीन देशों की यात्रा

**नई दिल्ली,7 मई।** भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोप की अपनी महत्वपूर्ण आगामी यात्रा रद्द कर दी। तीन देशों की यात्रा, जिसमें क्रोएशिया, नॉर्वे और नीदरलैंड में निर्धारित पड़ाव शामिल थे, की योजना मध्य मई के लिए बनाई जा रही थी। ऑपरेशन सिंदूर जिसमें पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ढांचे के खिलाफ लक्षित हमले किए गए थे। हालांकि रद्द करने के आधिकारिक कारणों को स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया है, लेकिन यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है।

### देश के लिए गर्व का पल: मोदी

**नई दिल्ली,7 मई।** कैबिनेट मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कैबिनेट सहयोगियों को पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। भारतीय सेना ने तय तैयारी के मुताबिक ऑपरेशन को अंजाम दिया। सभी कैबिनेट मंत्रियों ने पीएम मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया और कहा कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। बताया जा रहा है कि इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लिए गर्व का पल है। कैबिनेट बैठक के बाद मोदी ने अमित शाह और राजनाथ सिंह के साथ अलग से मीटिंग की।

### घुटनों पर आया पाकिस्तान

**करांची,7 मई।** युद्ध शुरू होने से पहले भारत को परमाणु बम की गीदड़भभकी देने वाला पाकिस्तान एक एयर स्ट्राइक से ही घुटनों के बल पर आ गया है। भारतीय सेना की सैन्य कार्रवाई के बाद बैकफुट पर आ गया है। जंग से पहले ही PAK ने 'युद्धविराम' करने पर सहमति जताई है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हम अपनी रक्षा करेंगे। पाकिस्तानी क्षेत्र में भारत के हमले के बाद एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा है कि हम भी कुछ नहीं करेंगे अगर भारत और कोई कार्रवाई नहीं करता है।

# पूरे देश ने कहा-जय हिंद, जय हिंद की सेना




**नई दिल्ली,7 मई।** पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने की कार्रवाई को लेकर पूरा देश एकजुट है। पूरे देश में भारतीय सेना की साहस को सराहा जा रहा है। इतना ही नहीं, मंदिरों में पूजा की गई और जश्न मनाया गया।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना करते हुए कहा कि आतंकी हमले के बाद कोई भी देश मूकदर्शक नहीं रह सकता और अब दुनिया में यह संदेश गया है कि ''भारत आक्रामक है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद!

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' कहा, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर 'जय हिंद' और 'जय हिंद की सेना' लिखा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है, ''जय हिंद''। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जय हिंद! ऑपरेशन सिंदूर!'' कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने भी पोस्ट कर लिखा, ''जय हिंद।'' लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, ''सत्यमेव जयते। जय हिंद की सेना।'' राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की और उनका अभिवादन करते हुए कहा, ''भारतीय सेना जिंदाबाद। जय हिंद।''

आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देने के लिए बुधवार को भारतीय सेना की सराहना की। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भारतीय सेवा के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा, ''पराक्रमो विजयते (बहादुर विजयी होते हैं)।'' बसपा प्रमुख मायावती ने भी 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की भारतीय सेना की 'आपरेशन सिंदूर' कार्रवाई गौरवमय व सराहनीय।'' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, जय हिंद! जय इंडिया!

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक अडिग राष्ट्रीय नीति है। उन्होंने कहा, हमें अपने भारतीय सशस्त्र बलों पर बेहद गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है।

# 25 मिनट में 9 आतंकी कैंप तबाह 90 से ज्यादा आतंकी ढेर

- कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताई 'ऑपरेशन सिंदूर' की एक-एक डिटेल
- भारत ने पाक को बताई एक चुटकी सिंदूर की कीमत

**नई दिल्ली,7 मई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में इंडियन आर्मी ने आतंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। भारत की तीनों सेनाओं ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान में स्थित कुल 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक करते हुए कार्रवाई की है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में करीब 90 आतंकियों को मारा गया है। भारत ने इस कार्रवाई



को 'सिंदूर ऑपरेशन' कहा है। लश्कर-जैश के आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाने के बाद भारतीय सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भारतीय सेना, इंडियन एयर फोर्स और विदेश मंत्रालय ने साझा कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरी कार्रवाई का कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने मिनट टू मिनट की जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले एयर स्ट्राइक का वीडियो प्ले किया। 10.34 पर वीडियो शुरू हुआ, 10.36 पर खत्म हुआ। कुल 2 मिनट चला।

देश के इतिहास में पहली बार सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयरफोर्स और आर्मी से एक मुस्लिम और एक हिंदू महिला अफसर मौजूद रहीं। आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि रात एक बजकर पांच मिनट और एक बजकर 30 मिनट के बीच ऑपरेशन हुआ। कर्नल सोफिया ने कहा, 9 आतंकी कैंपों को निशाना बनाया गया और ध्वस्त किया गया। सूत्रों ने बताया है कि इंडिया की एयर स्ट्राइक में 105 आतंकी ढेर हो गये हैं। सूत्रों का दावा है कि कार्रवाई के दौरान आतंकी ठिकानों पर 900 से ज्यादा दहशतगर्द मौजूद थे।

# भारत की कार्रवाई की दुनिया भर में सराहना

**नई दिल्ली,7 मई।** भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम ने पाकिस्तान पर कहर बरपाया है, जिससे दुनिया भर में इसकी सराहना हो रही है. इस बीच, भारत के पुराने मित्र इजरायल ने भी भारतीय कार्रवाई का स्पष्ट समर्थन किया है. हाल ही में, भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया है. इसके साथ ही, भारत ने इस हमले की जानकारी अमेरिका को भी दी है.

**इजरायली राजदूत** रुवेन अजर ने कहा है कि भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का इजरायल समर्थन करता है और आतंकवादियों को यह समझ लेना चाहिए कि वे मासूमों के खिलाफ अपराध करने के बाद छिप नहीं सकते.

**चीन के विदेश** मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी करते हुए भारत की तड़के की सैन्य कार्रवाई पर खेद व्यक्त किया और मौजूदा स्थिति को लेकर गहरी चिंता जाहिर की.

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** ने पाकिस्तान में भारतीय हमलों पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने पहलगाम हमले को शर्मनाक करार देते हुए कहा कि जब वह ओवल ऑफिस में पहुंचे, तब उन्होंने इसके बारे में सुना. ट्रंप ने यह भी उल्लेख किया कि लोगों को अतीत के कुछ घटनाक्रमों के आधार पर यह आभास था कि कुछ गंभीर होने वाला है, क्योंकि यह संघर्ष कई दशकों और सदियों से जारी है. उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त होगी.

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत की हालिया कार्रवाई के बाद भारत और पाकिस्तान से सैन्य संयम बनाए रखने की अपील की है. अमेरिकी कांग्रेसी श्री थानेदार ने भारत की कार्रवाई पर टिप्पणी करते हुए कहा कि युद्ध कभी भी समाधान नहीं होता. हालांकि, जब आतंकवादी घटनाएं होती हैं, तो यह आवश्यक है कि आतंकवादियों को खोजा जाए और उन्हें दंडित किया जाए.

**पाकिस्तानी पीएम शरीफ ने अपना रोना रोया**-पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत की कार्रवाई की न केवल पुष्टि की, बल्कि इसे युद्ध का कदम भी बताया. इस समय जब पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर कठिनाइयों का सामना कर रहा है, शहबाज ने गीदड़भभकी देने से परहेज नहीं किया.

**शहबाद ने** सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान को इस युद्ध के कृत्यों का प्रभावी जवाब देने का पूरा अधिकार है. उन्होंने बताया कि देश एकजुट होकर पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है, और पूरे राष्ट्र का मनोबल ऊंचा है. पाकिस्तानी जनता



और सेना दोनों ही इस स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं, और वे किसी भी स्थिति में दुश्मन के इरादों को सफल नहीं होने देंगे.

# करेंगुट्टा पहाड़ी पर 22 नक्सलियों के शव बरामद

### ड्रोन कैमरे में दिखी पहाड़ पर नक्सलियों की मूवमेंट

**बीजापुर,7 मई।** नक्सलियों की मांद करेंगुट्टा पहाड़ी पर जारी ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हासिल हुई है. तड़के सुबह से जारी मुठभेड़ में जवानों के 20 से 22 नक्सलियों को मार गिराने की खबर आ रही है. इनमें से अब तक 18 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं. बता दें कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को सुरक्षाबल चौतरफा घेरे हुए हैं. इस ऑपरेशन की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली से सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह नजर बनाए हुए हैं. इसके अलावा छत्तीसगढ़ के एडीजी नक्सल ऑप्श विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ आईजी राकेश अग्रवाल व बस्तर आईजी पी. सुंदरराज मॉनिटरिंग कर रहे हैं. कयास लगाए जा रहे हैं कि शाम तक जवान ऐतिहासिक सफलता की ओर बढ़ सकते हैं. नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ़ के बहादुर जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं.



# वित्त मंत्री चौधरी ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**रायगढ़,7 मई।** छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी भी अपने घर के बाहर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जश्न मनाते नजर आए। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के रायगढ़ निवास के सामने मंत्री ओपी आतिशबाजी और पटाखे फोड़कर जश्न मनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। मंत्री ओपी चौधरी ने सबके साथ मिलकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।



# शुभम द्विवेदी के पिता ने जताया आभार

पाकिस्तान और POK में भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक पर पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी के पिता **संजय द्विवेदी** ने प्रतिक्रिया व्यक्त की और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना को सैल्यूट किया है। पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले **शुभम द्विवेदी** की पत्नी ने कहा, मैं अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहती हूं। मेरे पूरे परिवार को उन पर भरोसा था और जिस तरह से उन्होंने (पाकिस्तान को) जवाब दिया, उसने हमारे भरोसे को कायम रखा है। यही मेरे पति को सच्ची श्रद्धांजलि है। मेरे पति आज जहां भी होंगे, उन्हें शांति मिलेगी। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए **संतोष जगदाले** की पत्नी प्रगति जगदाले कहती हैं, आतंकवादियों ने जिस तरह हमारी बेटियों का सिंदूर मिटाया, उसके बाद यह करारा जवाब है। इस ऑपरेशन का नाम सुनते ही मेरी आंखों में आंसू आ गए। मैं सरकार का तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं।




## मोदी जी की नीयत पाक - साफ़ है

### मोदी ने ऑपरेशन को इसलिए दिया सिंदूर नाम दिया

आतंकियों ने पहलगाम में सुहाग उजाड़े
पत्नी के सामने ही पतियों को गोली मारी
धर्म पूछकर पतियों को गोली मारी गई
आतंकी हमले के पीड़ित कई नव विवाहित
आतंकियों ने कहा, जाओ मोदी को बता दो
हिंदू धर्म में सिंदूर सुहाग की निशानी
मोदी ने कहा था, कल्पना से परे सजा मिलेगी

# 10वीं व12वीं में कांकेर के विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में पहले स्थान पर

### इशिका बाला व नमन कुमार 10वीं में तथा अखिल 12 वीं में टॉपर

**रायपुर,7 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस साल 12वीं का रिजल्ट 81.87 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले साल 12वीं का रिजल्ट 87.04% रहा था. सीएम ने सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। बता दें कि इस साल कक्षा 12वीं में 2 लाख 40 हजार 356 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी. कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 70.53% रहा। कक्षा 12 वीं में 84.87 बालिकाएं तथा 78.07 बालक उत्तीर्ण रहे। कक्षा 10वीं में कांकेर की इशिका बाला तथा जशपुर के नमन कुमार ने 99.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में पहले स्थान पर रहे। रिया केंवट बालोद, हेमलता पटेल रायगढ़,टिपेश कुमार जशपुर ने भी प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है। कक्षा 12 वीं में कांकेर के अखिल सेन 98.20 अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में पहले स्थान पर रहे हैं।

इस वर्ष छत्तीसगढ़ बोर्ड से कुल 568878 स्टूडेंट्स ने बोर्ड परीक्षाओं में भाग लिया था। छत्तीसगढ़ बोर्ड ने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से 28 मार्च के बीच आयोजित की थीं और कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं 3 मार्च से 24 मार्च के बीच हुई थीं।

# कोयला घोटाला: कांग्रेस कोषाध्यक्ष समेत 3 के खिलाफ गैरजमानती वारंट

**रायपुर,7 मई।** कोयला घोटाला मामले में राज्य की ईओडब्लू/एसीबी शाखा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल सहित तीन लोगों को गंभीर कानूनी कार्रवाई में घेर दिया है। ईओडब्लू/एसीबी की स्पेशल कोर्ट ने रामगोपाल अग्रवाल समेत तीन लोगों के खिलाफ बेमियादी और गैरजमानती वारंट जारी किया है। विधि विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय से नदारद रामगोपाल अग्रवाल को इस वारंट के जारी होने के बाद अग्रिम जमानत जैसे विधिक संरक्षण हासिल करने में गंभीर दिक्कत होगी। सामान्यतः चालान पेश ना हो तो वारंट जारी नहीं होता है, लेकिन यह छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा मामला बन गया है, जहां चालान/चार्जशीट पेश होने के पहले अन्वेषण के दौरान ही ईओडब्लू/एसीबी की विधिक टीम ने आरोपियों के खिलाफ बेमियादी और गैरजमानती वारंट कोर्ट से जारी करा लिया। यह वारंट जारी होने के पहले कोर्ट में इसके कानूनी पहलुओं को लेकर जमकर बहस हुई। विशेष न्यायालय के सामने मुंबई बम कांड से जुड़े एक न्यायिक फैसले को सामने रखा गया, यह फैसला मुंबई बम कांड के अभियुक्त दाउद इब्राहिम कास्कर से जुड़ा हुआ है। इस फैसले में अन्वेषण के दौरान ही कोर्ट से दाउद इब्राहिम कास्कर के खिलाफ गैरजमानती और बेमियादी वारंट जारी हुआ था। ईओडब्लू/एसीबी के अधिवक्ता सिद्धार्थ सिंह ठाकुर की ओर से मुंबई बम कांड से जुड़ा यह न्यायिक आदेश पेश करने के बाद एसीबी विशेष अदालत के जज नीरज शर्मा ने रामगोपाल अग्रवाल, नवनीत तिवारी सहित तीन के खिलाफ बेमियादी और गैरजमानती वारंट जारी कर दिया। छत्तीसगढ़ का कोल घोटाला भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते हुए था। इस घोटाले में तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल के बेहद करीबी/विश्वासपात्र लोग आरोपी हैं। इस घोटाले की जांच ईडी और अब ईओडब्लू/एसीबी कर रही है। इस मामले में जांच एजेंसियों का कहना है कि भूपेश बघेल के करीबियों ने कोल घोटाले को अंजाम देने के लिए कोल परिवहन के नियमों को बदल दिया।

# अब सुनो हमारा गर्जन अपनी अंतिम सांस में: साय

**रायपुर,7 मई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा किया है। ऑपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिखा कि 'लिख चुके हैं फिर लिखेंगे बार-बार इतिहास में होंगे शत्रु सदा विफल हमसे द्वन्द के प्रयास में', 'तुमने कहा मोदी को बोलो मृत्यु के उपहास में, अब सुनो हमारा गर्जन अपनी अंतिम सांस में' गौरवान्वित और भावुक महसूस करते हुए यह पंक्तियाँ पहलगाम की हर बहन को समर्पित कर रहा हूं।



**लिख चुके हैं फिर लिखेंगे बार-बार इतिहास में**
**होंगे शत्रु सदा विफल हमसे द्वन्द के प्रयास में**
**तुमने कहा ÷मोदी को बोलो मृत्यु के उपहास में**
**अब सुनो हमारा गर्जन अपनी अंतिम साँस में**

# सुशासन तिहार:कबीरधाम के दलदली में सीएम विष्णुदेव साय ने की ऐतिहासिक घोषणाएं,ग्रामीणों में दौड़ी खुशी की लहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 7 मई।** प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार 6 मई को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर और दुर्गम पहाड़ियों पर बसे ग्राम दलदली पहुँचे। आदिवासी और विशेष पिछड़ी जनजाति समूह बैगा बाहुल्य इस अंतिम सीमावर्ती गाँव में मुख्यमंत्री श्री साय के आगमन की खबर फैलते ही दलदली सहित चेन्द्रादादर, पीपरखुंटा, भूर्सीपकरी, केसमर्दा, लरबक्की, आमा नारा, कुकरापानी, तरेगांव जंगल, दुर्जनपुर, छुही, बांटीपथरा, मुडघुसरी जंगल, लब्दा और बांकी गांवों में उत्साह की लहर दौड़ गई।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समाधान शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में बड़ी सादगी और आत्मीयता के साथ ग्रामीणों से मुलाकात की और ऐतिहासिक घोषणाएँ की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, दलदली सहित पूरे वनांचल क्षेत्र में पीने के पानी की बड़ी समस्या का अब स्थायी समाधान होगा। स्थानीय कनई नदी से पेयजल लाकर हर घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट दूर करने के लिए सरकार लगातार बड़े फैसले ले रही है।

कबीरधाम जिले में छीरपानी जलाशय से कुसुमघटा जल प्रदाय योजना के तहत 123 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे 66 ग्रामों में जलापूर्ति होगी। वहीं रामपुर-ठाठापुर-दशरंगपुर-सुतियापाठ जल प्रदाय योजना के लिए 78 करोड़ 45 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है, जिससे 54 ग्रामों को राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमारी सरकार ने हर वादा पूरा किया है। शपथ लेते ही प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृति दी गई, किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी और 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा लागू की। दो वर्ष का बकाया बोनस भी दिया गया। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को सीधा लाभ पहुँचाया गया। तेंदूपत्ता संग्रहकों के मानक बोरे की दर बढ़ाकर 5500 रुपये की गई। श्रीरामलला दर्शन योजना से 22 हजार हितग्राहियों को लाभ मिला और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना फिर से प्रारंभ की गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही महतारी वंदन योजना के तहत वंचित पात्र हितग्राहियों के लिए फार्म भराने का काम करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के फेस दो के तहत 2.0 के सर्वे का काम किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि इस सर्वे को बहुत गंभीरता से ले अपना नाम अवश्य शामिल कराए। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत सभी पात्र व्यक्तियों को पक्का आवास बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना और मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की फीडबैक भी लिए। ग्राम दलदली की पहाड़ियों में पहली बार शासन और जनता एक मंच पर विकास का संकल्प लेते नजर आए।



मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में मत्स्य पालन विभाग सहित विभिन्न विभागों के तहत हितग्राहियों को समाग्री वितरण किया। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के योजनाओं के तहत छोटे-छोटे बच्चों का अन्नप्रासन कराया।

समाधान शिविर को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में 'मोदी की गारंटी' को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख नए आवासों की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि इन आवासों के लिए हमने सड़क पर लंबी लड़ाई लड़ी है और आज इस संघर्ष का सुखद परिणाम छत्तीसगढ़ के गाँव-गाँव में नजर आने लगा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार के पंचायत मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही अंबिकापुर प्रवास पर आ रहे हैं और इस अवसर पर प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत और भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द प्रदेश के वे पात्र हितग्राही, जो अब तक योजना से वंचित रह गए थे, उन्हें भी इसका लाभ दिया जाएगा।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी समाधान शिविर को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के वनांचल और आदिवासी अंचलों में अभूतपूर्व विकास की धारा बह रही है। श्रीमती बोहरा ने कहा कि कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंच रहा है, जिससे जनजीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना और जलप्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन से कबीरधाम जिले के दूरस्थ गांव भी अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। दलदली के समाधान शिविर में बोड़ला जनपद अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास , बीजेपी नेता नितेश अग्रवाल, मुख्य सचिव अभिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री सचिव पी. दयानंद, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह सहित जिला प्रशासन के आला-अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समाधान शिविर में बताया कि कबीरधाम जिले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर 08 अप्रैल 2025 से सुशासन तिहार का शुभारंभ किया गया। तीन चरणों में आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण अभियान में शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। प्रथम चरण का आयोजन 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक किया गया। इस दौरान समाधान पेटी एवं ऑनलाईन सहित कुल 116322 आवेदन विभिन्न विभागों को प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में 114231 मांग एवं 2091 शिकायत से संबंधित आवेदन है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण में 9 अप्रैल से 4 मई तक आवेदनों का निराकरण किया गया है, जिसमें प्राप्त आवेदनों में से 98769 आवेदनों का निराकरण आज पर्यन्त तक कर लिया गया है। शेष 17553 आवेदनों का निराकरण तीव्र गति से किया जा रहा है।

## एक नजर

### गाली देने से मना करने पर हत्या



**भिलाई, 7 मई।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के शराबी को गाली गलौच करने से मना करना भारी पड़ गया तालाब के पास रहने वाले मकान मालिक मोहन ताम्रकार की आरोपी डोमेश्वर ठाकुर ने टूटी बोतल से हमला कर उसकी हत्या कर दी पुलिस ने मामले को संजान में लेकर आरोपी डोमेश्वर ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि अजय कुमार की शिकायत पर नेवई थाने पुलिस ने अपराध दर्ज की थी रिसाली हिंदनगर नया तालाब के पास मोहन ताम्रकार का घर है तालाब के पार में बैठकर अक्सर डोमेश्वर ठाकुर शराब सेवन करता था नशे में जोर-जोर से गाली गलौच करता था मोहन ने उसे गाली गलौज करने से मना किया डोमेश्वर ने शराब की टूटी बोतल उसके सीने में घोप दिया और मौके से फरार हो गया मोहन जमीन पर गिर गया उसे घायल अवस्था में अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया मामले में धारा 103 (1) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की आरोपी रिसाली शिवाजी चौक निवासी डोमेश्वर ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया न्यायिक रिमांड पर उसे जेल भेजा गया ।

### तस्कर से 4 किलो गांजा जब्त



**भिलाई, 7 मई।** भिलाई नंदिनी पुलिस ने एक गांजा तस्कर को पकड़कर उसके कब्जे 1 से कुल 4ण्284 किण्ग्राण् गांजा बरामद न किया। आरोपी के खिलाफनंदिनी पुलिस ने धारा 20 ;खद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि नशे के विरूद्ध अभियान के अन्तर्गत सूचना मिली कि मेन रोड हरदी मोड़ए ग्राम नंदिनी सुंदनी में एक व्यक्ति नीले रंग के कालेज बैग में गांजा छिपाकर रखा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा गयाए पूछताछ पर अपना नाम कृष्णा ठाकुर 19 वर्ष वार्ड नम्बर 38 सुभाष नगर केम्प 1 छावनी का होना बताया आरोपी के पास रखे नीले रंग के बैग की तलाशी लेने पर बैग के अंदर प्लास्टिक के थैले में 4.284 किग्रा मादक पदार्थ गांजा कीमती 40000 रुपए जब्त किया है।

### युवक से मारपीट कर मोबाइल लूटा

**भिलाई, 7 मई।** भिलाई खुर्सीपार थाना अंतर्गत स्कूटी सवार युवक से मारपीट कर बाइक सवार बदमाश मोबाइल लूटकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 126(1), 304(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दलवीर भवन, नंदिनी रोड निवासी अमित सिंह मेहरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रविवार रात वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर नीजी काम से कुम्हारी गया था। देर शाम वापस हुआ रात करीब 10.30 बजे गोडवाना भवन के पास खुर्सीपार पहुंचा था तभी पीछे से बिना नंबर की बाइक से चार युवक उसके पास आए और उसका रास्ता रोक लिया बाइक से उतरकर दो लड़के उसके पास आए और उसे धमकाने लगे। इस बीच एक लड़के के झपट्टा मारकर स्कूटी से चाबी निकाल ली दूसरा उसका मोबाइल छीनने की कोशिश करने लगा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी इस पर जबरदस्ती जेब में रखे मोबाइल और आधार को ले गए घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। साथ ही अलगे दिन थाना पहुंचकर पुलिस को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया गया।

### सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई दुर्ग कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



**भिलाई, 7 मई।** सरयू पारीण ब्राम्हण समाज भिलाई दुर्ग की बैठक आयोजित हुई जिसमें कार्य करणी सदस्य गण, स्थाई आमंत्रित सदस्य, सहित उपस्थित थे बैठक की अध्यक्षता राम लखन मिश्र महासचिव ने किया, बैठक को संबोधित करते हुए राम लखन मिश्र महासचिव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज की वार्षिक आमसभा एवं समाज द्वारा पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन 11/5/2025 दिन रविवार को विवेकानंद भवन , स्मृति नगर में आयोजित किया जाएगा , सुबह 10.30 बजे वार्षिक आमसभा होगी और दोपहर 2.30 बजे समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन किया जाएगा ।

जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेयजी होगे, विशेष अतिथि राजीव चौबे, अध्यक्ष स्मृति नगर गृह निर्माण समिति, एवं मुख्य वक्ता डॉक्टर विजय दुबे, बेमेतरा, एवं सम्माननीय अतिथि डॉक्टर सुरेश शुक्ला, अध्यक्ष सरयू पारीण ब्राम्हण समाज ,रायपुर रहेंगे इस कार्य क्रम मे सभी सरयु पारीण ब्राम्हण समाज भिलाई दुर्ग के सदस्य गण शामिल रहे ऐसा निवेदन सभी सदस्यों से किया है बैठक में कार्य क्रम की रूप रेखा तय किया गया, और कार्य क्रम को सफल बनाने की दिशा पर चर्चा किया गया, बैठक में सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रकोष्ठ,,एवं पत्रिका प्रकाशन प्रभारी नागेंद्र पांडे ने भी अपने विचार रखे, बैठक मे विष्णु पाठक, चंद्र शेखर पांडे, नागेंद्र पांडे, कैलाश पाठक, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि प्रभा मिश्रा, नर्मदा प्रसाद मिश्र, जगत नारायण तिवारी, रामबिलास मिश्रा, राधा कृष्ण पांडे, सुनील मिश्र, दिनेश मिश्र, शंकर चरण पांडे, संजय मिश्रा, दीपक मिश्रा,सहित समस्त उपस्थित थे ।

## भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पूरे देश को गर्व है:उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 7 मई।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस और निर्णायक नेतृत्व ने आज 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पूरे देश को गर्व से भर दिया है। हमारे जांबाज़ जवानों ने जिस तरह दुश्मन के इरादों को नेस्तनाबूद किया है, वह हमारी सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान की धरती पर मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और नौ आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया। यह कार्यवाही सिर्फ एक जवाबी हमला नहीं, बल्कि उन माताओं-बहनों के आंसुओं का प्रतिशोध है, जिनका सिंदूर पहलगाम जैसी नृशंस घटनाओं में मिटा दिया गया था। जब निर्दोष लोगों के सामने उनके पति, बेटे, भाई को गोलियों से छलनी किया गया, तब देश की आत्मा रो पड़ी थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' उस पीड़ा का उत्तर है, उस व्यथा का प्रतिशोध है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस अभियान का नाम 'सिंदूर' इसीलिए रखा गया है, क्योंकि यह उन बहनों के सम्मान और उनके अधिकार की पुनर्प्राप्ति का प्रतीक है। हमारी सेना ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। यदि कोई भी देश या संगठन हमारे नागरिकों के विरुद्ध हिंसा का प्रयास करेगा, तो उसका परिणाम बहुत ही घातक होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री और वीर सैनिकों को इस साहसी निर्णय और कार्रवाई के लिए नमन करता हूँ। यह पूरा देश एकजुट होकर शहीदों के बलिदान को सलाम करता है, और माताओं-बहनों के सम्मान की रक्षा के इस संकल्प में पूरी तरह एकजुट है।



## बैठक में भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 7 मई।** उतई रेस्ट हाउस में भाजपा की बैठक मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतला ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने संगठन विस्तार एवं बूथ कि मजबूत इकाई के बारे में बताया और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में नए सदस्यों को पार्टी के विचारधारा से जोड़ने के लिए कहा। विधायक ललित चंद्राकर ने पार्टी की विचारधारा व संगठनात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सफलता संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के समर्पण पर आधारित है। हमें पार्टी के मूलभूत सिद्धांतों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ,सबका विकास,सबका प्रयास के मंत्र को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना होगा। पूर्व मंत्री रमशील साहू ने अपने विचार व्यक्त किये और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। पार्टी ने नए सदस्य को जोड़ने और युवा वर्ग को संगठन से जोड़ने पर विशेष बल दिया हैं।कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री सोनू राजपूत ने किया।इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया बेलचंदन,मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतला राजपूत,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती श्रद्धा साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री फत्तेलाल वर्मा,श्री डॉ. अनिल साहू,श्री मनोज सोनी,सुनील अग्रवाल,राजा महोबिया,गिरिश शर्मा,चंदू देवांगन,शत्रुहन साहू,लक्ष्मीनारायण साहू, पार्षदगण में श्रीमती लता सोनवानी,श्रीमती सुनीता चंद्राकर ,श्रीमती विजयलक्ष्मी साहू,श्री सतीश चंद्राकर,श्री भीमसेन सिन्हा,श्री खूबी राम साहू,श्रीमती संगीता रजक,श्री जितेंद्र साहू,श्री घनश्याम चंद्राकर,श्री कांति साहू,श्रीमती रंजना चंद्राकर,श्रीमती ममता चंद्राकर,श्री घनश्याम साहू,श्री सुखीतराम यादव,श्री रामखिलावन साहू,श्री सोहन,श्री विनोद,श्री प्रवीण यदु,श्री रजा खोखर,श्री राहुल पंडित,श्री फलेंद्र राजपूत,श्री देवेंद्र भारती,श्रीमती विमला कावड़े,श्रीमती एकता चंद्राकर,श्रीमती ममता,श्री रूपेश पारख,श्री हरीश यादव,श्री चेतन साहू,श्री करण सेन,श्री बृजमोहन साहू,श्री लेखराम साहू,श्री लोकेश्वर चंद्राकर,श्री हुबलाल चंद्राकर,सहित भाजपा के समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार-2025 में आवेदन करने पर दिव्यांग देवराज को बैसाखी प्रदान की गई

**भिलाईनगर,7 मई।** आज नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड क्रं. 18 कांट्रेक्टर कालोनी हरा मैदान में शिविर आयोजित किया गया। सुशासन तिहार 2025 में नागरिको द्वारा पूर्व से आवेदन में मांग एवं शिकायत किया गया था। जिसका संबंधित विभाग द्वारा निराकरण कर आज शिविर में संबंधित आवेदकों को जानकारी दी गई। उनसे पूछा गया कि जो भी आपके द्वारा आवेदन किया गया था, उसका निराकरण कर दिया गया है, जिससे वह संतुष्ट है कि नहीं। साथ ही नागरिक का किसी प्रकार की मांग एवं शिकायत है, उसका आवेदन भी जमा किया जा रहा है। सुशासन तिहार में संबंधित वार्डो के कुल मांग के 220 एवं शिकायत के 72 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें मांग के 218 एवं शिकायत के 68 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। शेष 6 आवेदन और बाद में 15 आवेदन प्राप्त हुए है, उसका निराकरण कर आवेदक को सूचित कर दिया जायेगा।



आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सभापति गिरवर बंटी साहू जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे। शिविर में बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी दिव्यांग देवराज द्वारा सुशासन तिहार में बैशाखी के लिए आवेदन किया गया । जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग के तरफ से समाधान शिविर में तत्काल बैशाखी प्रदान किया गया। इसी प्रकार जिन नागरिको का मांग एवं शिकायत था, उसे मौके पर निरीक्षण करके आवश्यकता अनुसार तत्काल पुरा किया जा रहा था। पुनः आवेदन हेतु शिकायत एवं मांग पेटी रखा गया था, जिसमें नागरिक अपने समस्या अनुसार आवेदन डाल रहे थे । वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन समाधान शिविर में पहुंचकर अपने आधार को अपडेट करवाए । सभी काउंटर पर पहुंच करके जानकारी प्राप्त किये किस प्रकार के आवेदन आए हैं। उसका निराकरण क्या-क्या हुआ है। समाधान शिविर में उपस्थित कमलाबाई साहू से पूछे अम्मा आपके खाते में पेंशन आ रहा है कि नहीं वह बोली महतारी बंधन ?1000 आ रहा है। नागरिको से कहे यह शिविर हमारी सरकार द्वारा जनता को सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगाया गया है। इसमें आप सभी अपनी जो भी समस्या है, उसका आवेदन देकर निराकरण करा सकते है। जो भी मांग है उसे भी पूरा किया जाएगा ।

## महापौर परिषद की बैठक में अनेक निर्णय

**दुर्ग।** कार के सामने अचानक मवेशी के आ जाने से कार से मवेशी के टकराने के कारण 11 लोगों ने कार चालक का अपहरण कर जमकर मारपीट किये। कुम्हारी पुलिस ने अपहरण करने वाले सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर ली है और इस सभी आरोपियों को जेल भेज दी है। इन आरोपियों ने जिस कार चालक का अपरहरण कर मारपीट किये वह कुम्हारी सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा है। पकड़े गए सभी आरोपियों ने मिलकर प्रार्थी और उनके परिवार के साथ मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। कुम्हारी के कपसदा गांव के रहने वाले प्रार्थी राजेन्द्र शर्मा अपने परिवार के साथ रायपुर से वापस घर जा रहे थे। इसी दौरान अकोला गांव में सड़क पर रखे निर्माणधीन सामग्री से किनारे से कार को निकाल रहे थे। उसी दौरान अचानक एक मवेशी कार के सामने आ गया और कार से टक्कर हो गई। इसी बात को लेकर अकोला गांव के दो लड़के आए और प्रार्थी की गाड़ी रोककर ठीक से गाड़ी चलाने नहीं आता है बोले। जिसे सुनकर प्रार्थी ने गाड़ी आगे बढ़ाकर अपने घर जा रहे थे। इसी बीच अकोला गांव के कुछ लड़कों ने पीछा करते हुए कपसदा गांव के होटल चौक पर मोटर साइकिल कार के सामने लगाकर कार को रोककर प्रार्थी कार से बाहर निकलकर मारपीट करने लगे। जिसका बीच बचाव करने गए उसकी पत्नी और बेटी के साथ भी मारपीट करने की कोशिश की और प्रार्थी को अपने मोटर साइकिल में बैठकर अपने साथ अकोला गांव ले जाकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट की घटना के देखकर गांव वाले समेत अन्य लोगों बीच बचाव किए। इस मामले में पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई थी। पुलिस ने इस मामले में अकोला गांव के रहने वाले 11 लोगों को गिरफ्तार लिया है।

## केनाल रोड निर्माण का श्रेय लेने कुछ लोग कर रहे बंदर नाच:विजय बघेल

**भिलाई।** दुर्ग सांसद विजय बघेल का कहना है कि नंदिनी रोड से दूसरे चरण में बनने वाली केनाल रोड को लेकर कुछ लोग श्रेय लेने की होड़ में बंदर नाच कर रहे हैं। उन्होंने आम जनता को ऐसे लोगों से बचने की सलाह दी है। श्री बघेल ने कहा कि कुछ लोग विकास से जुड़े मामलों में बंदर नाच करने का आदत बना चुके हैं। ऐसे लोगों को काम तो कुछ करना नहीं होता बल्कि खुद समस्या पैदा कर उसे दूर करने का ढकोसला करते हैं। यह बातें दुर्ग सांसद विजय बघेल ने एक विडियो में कहा है। सोमवार को अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनका यह विडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। विडियो में सांसद विजय बघेल पीडब्ल्यूडी के माध्यम से भिलाई नगर निगम क्षेत्र में नंदिनी रोड से दूसरे चरण के तहत होने वाले केनाल रोड को लेकर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि



केनाल रोड निर्माण में लोगों का ज्यादा नुकसान नहीं होना चाहिए। सैकड़ों वर्षों से रह रहे लोगों को मुआवजा देने में बहुत खर्च आता। इसलिए सड़क की चौड़ाई 30 फीट पर्याप्त है। लगभग दो फीट तक और बढ़ाकर 32 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जा सकता है। लेकिन जानकारी मिली है कि इससे भी अधिक जमीन खाली कराने सीमांकन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आवागमन की सुगमता के लिए सड़क बनता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि लोगों को बेघर कर दिया जाए। श्री बघेल ने बताया कि इस संबंध में भिलाई जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष महेश वर्मा का उनके पास फोन आया था। तब वे जबलपुर जा रहे थे। उन्होंने तुरंत पीडब्ल्यूडी के ईई से दूरभाष पर बात कर केनाल रोड की चौड़ाई 30 से 32 फीट रखने का निर्देश दिया है। सांसद बघेल ने बताया कि केनाल रोड के दूसरे चरण का निर्माण अभी बजट में प्रावधानित किया गया है। अभी प्रस्ताव पूरी तरह से स्वीकृत नहीं हुआ है। शासन को प्रस्ताव भेजा जाना शेष है।

शासन से प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर लगेगा। तब जाकर नाप जोख होना चाहिए। लेकिन कुछ लोग अनर्गल श्रेय लेने के प्रयास में बंदर नाच कर रहे हैं। ऐसे लोगों से जनता को बचना चाहिए। ऐसे लोग कुछ करते तो हैं नहीं और खुद समस्या पैदा कर उसे दूर करने का ढकोसला करना उनका मकसद होता है।

### चरोदा निगम के सभी वार्डों के लिए 4 स्थानों पर लगाए जाएंगे समाधान शिविर

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई-चरौदा द्वारा शासन से प्राप्त निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में 08 से 11 अप्रैल के मध्य निगम कार्यालय में लगाए गए सुशासन तिहार शिविर में लोगों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों को स्वीकार करने की कार्यवाही की गयी। इसके बाद प्राप्त आवेदनों में से मांग और शिकायत के विभागवार आवेदनों का निराकरण करने की कार्यवाही करते हुए आवेदकों को सूचित किया गया। अब तीसरे चरण में समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों को समाधान शिविरों में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी।

## निधन

### दुखीन बाई



**भिलाई ।** नगर निगम अंतर्गत ग्राम डूडेरा सुभाष चौक निवासी 84 वर्षीय श्रीमती दुखीन बाई क्षत्रिय पति स्व मोचन सिंह क्षत्रिय का आकस्मिक निधन आज हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।वे शैलेन्द्र,योगेश्वर क्षत्रिय की माता एवं वर्मा बोरवेल्स के संचालक मोरध्वज वर्मा के सास थी।

## एक नजर

### अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 07 मई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु दिये गये सख्त निर्देष के पालन में, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में दिनांक 05-06.05.2025 को रात्रि मे चौकी प्रभारी चिखली उमेश बघेल के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री/परिवहन एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालो पर रोकथाम लगाने हेतु चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखबीर सुचना पर रेड कार्यवाही करते हुए बजरंगपुर नवागांव के चौक में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने हेतु खडे छोटू उर्फ चन्द्रभान यादव पिता कृष्णा यादव उम्र 32 साल साकिन बाबूटोला बजरंगपुर नवागांव पुलिस चौकी चिखली राजनांदगांव छ0ग0 से 18 पौवा जम्मु स्पेशल व्हीस्की शराब कुल 3240 एमएल कीमती 2160 /- रूपये व बिक्री रकम 200 रूपये एवं मोतीपुर काई तालाब पार मे अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखे अजय पटेल पित गंगाराम पटेल उम्र 38 साल साकिन मोतीपुर रेल्वे क्रासिंग के पास ओपी चिखली राजनांदगांव से 18 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 3240 एमएल किमती 1440/- रू0, को जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत धारा 34(1) के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया तथा चिखली हनुमान मंदिर के पास आम जगह पर शराब पीने वाले आरोपी कांशीराम पिता मंगतू वर्मा उम्र 50 साल साकिन ग्राम देवडोंगर थाना ठेलकाडीह जिला के.सी.जी छ0ग0 के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया।

### धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत विकास कार्यों का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

**धमतरी 07 मई।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज स्कूल शिक्षा और आदिवासी विकास विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्डवार स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के ऐसे स्कूल जिनके युक्तियुक्तकरण किया जाना है, उसकी अलग से जानकारी देने कहा। उन्होंने अंदरूनी क्षेत्रों और कमार बसाहटों में स्कूलों को नियमित रखने के निर्देश दिए, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। कलेक्टर ने पीएमश्री स्कूलों को उत्कृष्टता के आधार पर रैंकिग दी और उत्कृष्ट स्कूल में किए गए कार्यों की विडियो भी दिखाई। कलेक्टर ने स्कूलों में सर्व सुविधायुक्त वातावरण में शिक्षा देने के कार्य की सराहना की और अन्य स्कूलों के प्राचार्यो को भी इसी तरह की गतिविधियां संचालित करने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री विमल साहू सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रम विभाग की दलाल ने मुझे ही फँसा दिया: दीपक वैष्णव

**राजनांदगाँव, 07 मई।** आसरा के रहने वाले दीपक वैष्णव ने जिलाधीश व जिला पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए कहा है कि बीजेभाँठा की श्रम विभाग की दलाल लोकेश्वरी साहू ने शिकायत के बदले उन्हें झूठी शिकायत में फँसा दिया है इससे उन्हें बदनामी झेलनी पड़ रही है श्री वैष्णव ने कथित दलाल के विरुद्ध जाँच- कार्यवाही की मांग की है। श्रम विभाग के दलाल- अनावेदक श्रीमती लोकेश्वरी साहू द्वारा अपने आप को श्रम विभाग का शासकीय सेवक बताते हुए शासन की योजनाओं का नाजायज लाभ अर्जित करने के ध्येय से मेरी मुंहबोली बहन- श्रीमती दुलेश्वरी बाई पति स्व. कन्हैया राम सेन निवासी ग्राम जंतर डोंगरगाँव के साथ राशि- 6,000/- रूपये की अवैध वसूली की गयी थी जिसके संबंध में मेरे द्वारा अनावेदिका श्रीमती लाकेश्वरी साहू को इस संबंध में पुछ-ताछ की गयी थी कि, किस बात का पैसा लिये हो, आप सरकारी सेवक हो, आपका तो लोगों को सरकारी योजना का लाभ दिलाना, काम ही है, फिर पैसा किस बात का लिये हो, तो अनावेदिका के पास कोई जवाब नहीं था और अनावेदिका ने ली गयी अवैध राशि- 6,000/- रूपये वापस भी नही किया जिसके कारण मेरी बहन श्रीमती दुलेश्वरी बाई द्वारा कलेक्टर एवं श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग में 25 अप्रैल 2025 को अनावेदिका के विरूद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराया गया था। जिसकी जानकारी अनावेंदिका को होने पर अनावेदिका द्वारा विद्वेषवश मेरे विरुद्ध थाना- डोंगरगाँव में मेरे विरूद्ध झूठी शिकायत दर्ज करायी गयी है कि, मैंन अनावेदिका को फांन कर गाली-गलौज किया है।

# शहरों में सुराज के लिए करें प्रतिबद्धता के साथ कार्य: साय

- 'नगर सुराज संगम' के समापन सत्र में बोले मुख्यमंत्री -जनता का विश्वास, आपके अच्छे कार्यों का इनाम है
- शहरों के विकास के रोडमैप और कार्ययोजना पर हुआ सार्थक संवाद: उप मुख्यमंत्री साव



**रायपुर, 7 मई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से शहरों में सुराज के लिए काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि आपके शहर की जनता ने आप पर विश्वास कर शहर के विकास और जन सुविधाएं विकसित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। आप लोग इस अवसर का सदुपयोग करें, निष्ठा और जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों को निभाएं। अच्छा काम करने वालों को जनता लगातार अपना आशीर्वाद देकर आगे बढ़ने का मौका देती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शाम नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला ''नगर सुराज संगम'' के समापन सत्र में ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री साय ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों और नगरीय प्रशासन विभाग के मैदानी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरों को सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बनाने की महती जिम्मेदारी आप लोगों के कंधों पर है। इस कार्यशाला में आप लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के साथ ही विभाग की कार्यप्रणाली, योजनाओं व अधिनियमों की जानकारी मिली है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भी स्वयं दो घंटे तक मार्गदर्शन दिया है। इस कार्यशाला से नगरीय प्रशासन एवं विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर आपके ज्ञान में वृद्धि हुई होगी और यह आपको ज्यादा कुशलता से अपने कार्यों को अंजाम देने में मददगार होगा। साय ने उम्मीद जताई कि इस नगर सुराज संगम से लौटकर हमारे जनप्रतिनिधि अपने-अपने शहरों में सुराज लाने के लिए सक्रियता से काम करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में संपन्न नगरीय निकायों के चुनाव में अनेक जनप्रतिनिधि पहली बार निर्वाचित होकर आए हैं। उनके लिए विभाग द्वारा दो दिनों के इस प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

## भारत नेताम अब दूसरों पर नहीं रहेंगे निर्भर

- सुशासन तिहार में मिली ट्राईसाइकिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 07 मई।** प्रदेश के मुखिया श्री विष्णु देव साय के सुशासन में लोगों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का समाधान तो किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जा रहा है। इसके लिए गांव-गांव में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। नगरी के कुकरेल में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे ग्राम झूरातराई के श्री भारत नेताम की मांग का भी शासन-प्रशासन द्वारा तत्काल समाधान कर दिया गया है। दरअसल श्री नेताम ने सुशासन तिहार के पहले चरण में लगे समाधान पेटी में अपने लिए ट्राईसाइकिल की मांग करते हुए आवेदन डाला था। श्री भारत नेताम के आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें ट्राईसाईकिल मुहैय्या कराई गई, जिसे नगरी के कुकरेल में लगे समाधान शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदाय किया गया। भारत नेताम ने बताया कि बीमारी के कारण उनके पैरो में चलने कि ताकत नहीं थी. इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए उन्होंने सुशासन तिहार में आवेदन दिया था। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार उनके जीवन में खुशी लेकर आई है। श्री भारत नेताम कहते हैं कि अब उन्हें कहीं भी आने-जाने के लिए किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। ट्राईसाइकिल के माध्यम से वे अपनी जरूरतों के हिसाब से आना-जाना कर सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार की वजह से उनकी समस्या का समाधान हो पाया है।

## सुशासन तिहार महिलाओं के लिए लेकर आया खुशियों की सौगात

- मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया



**राजनांदगांव 07 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम विचारपुर नवागांव में आयोजित समाधान शिविर में आज श्रीमती धनेश्वरी कंवर, श्रीमती श्याम बाई एवं श्रीमती नंदनी साहू ने राशन कार्ड मिलने पर खुशी जाहिर की। ग्राम टप्पा निवासी श्रीमती धनेश्वरी कंवर ने कहा कि उन्होंने सुशासन तिहार में राशन कार्ड के लिए आवेदन किया था। आज यहां समाधान शिविर में राशन कार्ड मिलने पर बहुत खुशी मिल रही है। राशन कार्ड से परिवार का भरण-पोषण करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की आभारी है, जिनके माध्यम से आज समाधान शिविर में उनकी समस्या का निराकरण हुआ है। उन्होंने बताया कि शिविर में आकर उन्हें शासन की अन्य योजनाओं की जानकारी मिली है। इसी तरह ग्राम तेंदूनाला निवासी बुजुर्ग श्रीमती श्याम बाई ने राशन कार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब एवं जरूरतमंदों का ध्यान रख रही है।

# मजदूरी की, मशरूम उगाया, अब चला रही सीएचसी

- लखपति दीदी बनीं सारंगपुरी की मधु कंवर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी 07 मई।** कभी बड़ी आर्थिक परेशानी को झेलने वाली धमतरी विकासखण्ड के सारंगपुरी पंचायत की श्रीमती मधु कंवर आज पूरे क्षेत्र में लखपति दीदी के नाम से जानी जा रहीं हैं। मधु कंवर ने कभी खेतों में मजदूरी भी की है, मशरूम भी उगाया है, लेकिन आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद उनके सपनों ने सही आकार ले लिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में अब श्रीमती मधु कॉमन सर्विस सेंटर-सीएचसी चला रहीं हैं।

इस सर्विस सेंटर से सारंगपुरी ही नहीं बल्कि आसपास के कई गांवों के लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी हो गई है। सीएचसी के माध्यम से लोगों को रियायती दरों पर ई-गवर्नेंस की सुविधाएं मुहैय्या कराकर श्रीमती कंवर प्रतिमाह 10-12 हजार रूपये कमा रहीं हैं। मधु ने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया है, बल्कि अपने गांव और समाज की अन्य महिलाओं के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्रीमती कंवर बताती हैं कि पहले परिवार की माली हालत बहुत खराब थी। वे बड़े किसानों के खेतों में रोजी-मजूरी किया करतीं थीं। बच्चों की पढ़ाई और घर की दूसरी जरूरतें पूरा करना भी मुश्किल था। सिमित आय और संसाधनों के बीच सही ढंग से जीवन जीने के लिए संघर्ष करने वाली मधु ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़कर जय मॉ कर्मा महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से प्रशिक्षण और स्वरोजगार के तरीके सीखे। उनके समूह ने सबसे पहले धान खरीदी-बिक्री का काम शुरू किया। कुछ आमदनी होने पर मशरूम उत्पादन किया और उसे बेचकर मुनाफा कमाते गए। आजीविका मिशन के तहत समूह के माध्यम से लोन लेकर उन्होंने अपने घर में ही कॉमन सर्विस सेंटर शुरू किया। इस सर्विस सेंटर में सरकार की ई-गवर्नेंस सुविधाएं जैसे-आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाना, विवाह पंजीयन करना, बिजली बिल का भुगतान, आधार कार्ड-श्रम कार्ड-आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे दूसरे कई काम शुरू किये।

## महापौर यादव सहित आयुक्त, निगम अध्यक्ष एवं महापौर परिषद के सदस्य कार्यशाला में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 7 मई।** छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकाय के जन प्रतिनिधियों के लिये रायपुर में दो दिवसीय प्रभोधन कार्यशाला नगर सुराज संगम दिनांक 5 व 6 मई को आयोजित किया गया। कार्यशाला का 5 मई को उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री माननीय अरूण साव जी ने विधिवत शुभारंभ किया। पहले दिन नगर निगमो के महापौर, आयुक्त, अध्यक्ष एवं महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य कार्यशाला में उपस्थित रहे। जिन्हें उप मुख्यंमत्री साव ने नगरीय निकायो के लिये आगामी 5 वर्षो के विजन प्रस्तुत कर शासन की योजनाओ एवं निगम प्रावधानो के बारे में जानकारी दिए। कार्यशाला में राजनांदगांव नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित महापौर परिषद के सदस्य उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ की जनता ने नगरीय निकाय चुनाव में हम पर विश्वास किया है, उस विश्वास में हम सबको खरा उतरना है। आज के इस कार्यशाला का उद्देश्य शहर के व्यवस्थित विकास के लिये आगामी 5 वर्षो की कार्य योजना पर चर्चा करना एवं निगम के अधिनियमो के महत्वपूर्ण प्रावधानों तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण के विभिन्न योजनाओं को बताना है। उप मुख्यमंत्री ने पावर पाईंट प्रजेटेंशन के माध्यम से विकास विजन तथा स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी देकर पर्यावरण संरक्षण तथा वर्षा जल संचयन के लिए कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि इंदौर एवं बड़े शहरो में जैसे कार्य किया जा रहा है, उसी प्रकार का कार्य छत्तीसगढ में भी कर अपने निकाय की अलग पहचान बनाना है।

### 8 मई को कई वार्डों के लिए चिखली स्कूल में समाधान शिविर

**राजनांदगांव 07 मई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओ के निराकरण के लिये आयोजित सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में समस्या संबंधी प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण में समाधान के पश्चात आवेदको के समस्याओं का समाधान बताने तृतीय चरण में वार्डो में 5 मई से 31 मई 2025 तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के अलावा अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रह कर आमजनों को उनकी समस्या का समाधान बतायेगे। शिविर के संबंध में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि 8 मई गुरूवार को वार्ड नं. 5,6,9,10,11,12 व 13 के लिये चिखली स्कूल में प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर लगाया जायेगा।

# समाधान शिविर विचारपुर नवागांव में 130 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

- ग्रामीणों को स्वास्थ्य विभाग में संचालित विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की दी गई जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 07 मई।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में नागरिकों का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। आज विचारपुर नवागांव समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 130 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अंतर्गत संचालित विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। स्वास्थ्य जांच में 110 लोगों का ब्लड प्रेशर जांच, 98 नागरिकों का मधुमेह की जांच एवं 90 से अधिक लोगों का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। 20 लोगों की नेत्र जांच व 14 लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग भी की गई तथा 3 हितग्राहियों के त्वरित रूप से आयुष्मान कार्ड बनाकर लाभान्वित किया गया। विचारपुर नवागांव में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन एवं विकासखंड स्तरीय टीम तथा पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित होकर स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी तथा स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया गया। उल्लेखनीय है कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत सुशासन तिहार 2025 में आवेदनों निराकरण के लिए टीम का गठन किया गया है। जिससे आवेदनों का त्वरित और प्रभावी निराकरण किया जा रहा हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवरतन ने बताया कि जिले में 94 प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है शेष 6 प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है।

आयुष्मान वय वंदना कार्ड भी 70 वर्ष आयु व 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का भी निरंतर बनाये जाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। समाधान शिविरों में जिनके कार्ड नहीं बने हैं वह उपस्थित होकर भी अपना कार्ड बनवा सकते हैं एवं विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच का लाभ समाधान शिविरों में आकर ले सकते हैं।

## समाचार संक्षेप

### ब्रम्हाकुमारी सेंटर में चार दिवसीय खुशियों की पाठशाला समर कैंप का आयोजन



**नगरी, 7 मई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नगरी के द्वारा चार दिवसीय लक्की स्टार्स समर कैंप खुशियों की पाठशाला का आगाज किया गया। इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में नैतिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना है । इस चार दिवसीय लक्की स्टार्स समर कैंप के माध्यम से प्रतिदिन बच्चों को मेडिटेशन, योग, प्राणायाम, रचनात्मक व ज्ञानवर्धक खेल, गीत संगीत, मनोरंजन हेतु मैजिकल शो, आकर्षक ड्राइंग पेंटिंग, स्पोकन इंग्लिश तथा व्यक्तित्व विकास हेतु विशेष टिप्स आदि दिए जा रहे हैं। इस सुरक्षित माहौल में बच्चे उत्साह पूर्वक अपने प्रतिभा व कौशल को निखारने का गुर सीख रहे हैं। इस कैंप का शुभारंभ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन व ब्रह्माकुमारी परमेश्वरी बहन सहित काफी संख्या में बच्चे व बालकगण के मध्य परमसत्ता शिव परमात्मा की स्मृति में दीप प्रज्वलित करके किया गया। सत्र की शुरुआत में पीतांबर भाई ने बच्चों के उत्साहवर्धन में गीत गाया । तत्पश्चात संस्था के राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने बच्चों को मेडिटेशन कराया व मन को एकाग्र करने की विधि बताई । ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच देते हुए कहा बच्चों में श्रेष्ठ संस्कारों व गुणों के बीज बोने का यह उचित समय होता है यह बच्चों के भविष्य निर्माण का सृजनकाल होता है सच्चे मायनो में व्यक्तित्व निर्माण व जीवन को सही दिशा प्रदान करने का कार्य इसी अवधि में होता है यह शिविर बच्चों में नैतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक मूल्यों का सर्वांगीण विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने बच्चों के उत्तरोत्तर प्रगति व उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात निशा बहन द्वारा बच्चों को रोचक गतिविधियां कराई गई तत्पश्चात बच्चों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु रविंद्र भाई द्वारा मैजिकल शो एवं देवेंद्र भाई ने गेंद का आकर्षक करतब दिखाया । अंत में बच्चों ने सामूहिक रूप से डांस किया। उक्त शिविर में बच्चे खुश व काफी उत्साहित नजर आए तथा सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। यह समर कैंप दिनांक 5 मई से 19 मई 2025 तक प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र विवेकानंद वार्ड में आयोजित है।

### कंडरापारा में हत्या कर फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**डोंगरगढ़, 7 मई।** नगर के कंडरापारा में डंडे के प्रहार से युवक की मौत हो गई थी और आरोपी फरार हो गया था जिसे दो दिन के बाद पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है. पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि 04 मई 2025 को प्रार्थी मिथुन यादव थाना डोंगरगढ़ आकर रिपोर्ट काराया किं वह अपने दोस्त संजय उईकें मृतक के साथ बाजार मछली लेंनें गया था। जिसके बाद मिथुन शंकर, संजय (मृतक) कंडरापार में गुटखा खाने जा रहें थें तभी सतीश कुरसुंघे के घर मे पास से गुजरे तों संजय (मृतक) राहुल वरकडे भी बैठा था कि सतीश करसूँघे बोला की तेरे को सुबह बांस लेने के लिये उठाते है तो तु क्यु नही उठता है तब सतीश गुस्से मे गाली दिया कि अब देखता हुँ। तब राहुल गाली देने से मना किया जिसके बाद संजय उईके भी गाली देने मना किया उसके बाद हम तीनो मुकुद के घर के पास मोड पर पहुचे थे कि रात्रि करीबन 9 बजे सतीश अपने हाथ मे डण्डा पकड़कर कर आया और अचानक तु ज्यादा होसियार मत बन कहकर डण्डे से संजय उईके के बाये गर्दन पर जोरदार डण्डा से वार कर दिया जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया जिसके बाद मिथुन यादव बोला क्यों मार रहा है बोलने पर थोडी दुर लेजाकर डण्डा से मिथुन के बाये पैर मे जोरदार वार कर दिया जिससे मिथुन के घुटने मे सुजन हो गया जिसके बाद संजय उईके को मौके पर हास्पीटल ले जाया गया जहरं डाक्टर के द्वारा मृत मित्यु हो गया है। की प्राथी की रिपोर्ट पर थाना डोगरगढ मे अपराध क्रमांक-195/2025 धारा-103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर घटना की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा अज्ञात आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिस पर एसडीओपी आशीष कुंजाम के मार्ग-दर्शन पर डोंगरगढ़ पुलिस एव सायबर सेल टीम द्वारा आरोपी सतीश को डोगरगढ़ पुलिस एव सायबर सेल द्वारा अरोरा मिल के सामने अटल अवास डोगरगढ जाकर छुपा था जिसे पुलिस द्वारा धेरा बंदी कर पकडा गया। थाना मे आरोपी से घटना में प्रयुक्त डण्डा के बारे मे पुछने पर बताया की अरोरा मिल के सामने अटल अवास से बास का डण्डा को पुलिस द्वारा जप्त किया गया।



### लर्निंग लाईसेंस मिलने पर लालाराम एवं योगेश्वर के चेहरे पर दिखाई दी खुशी

**राजनांदगांव 07 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम विचारपुर नवागांव में आयोजित समाधान शिविर में परिवहन विभाग के स्टाल में तत्काल लर्निंग लाईसेंस मिलने पर ग्राम विचारपुर नवागांव निवासी श्री लालाराम साहू के चेहरे पर उत्साह एवं खुशी दिखाई दी। उन्होंने बताया कि बहुत दिनों से वे वाहन चलाने के लिए लाईसेंस नहीं बना पा रहे थे। सुशासन तिहार पर उन्होंने लर्निंग लाईसेंस के लिए आवेदन पेश किया था। उन्होंने कहा कि तत्काल ही समाधान शिविर में लर्निंग लाईसेंस बनाकर प्रदान किया गया। जिससे वे बहुत खुशी और अच्छा महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि शासन की यह पहल बहुत अच्छी है, जिससे गांव की आम जनता की समस्याओं का निराकरण आसानी से हो रहा है। उन्होंने लर्निंग लाईसेंस मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन प्रशासन को धन्यवाद दिया। इसी तरह ग्राम ग्राम विचारपुर नवागांव निवासी श्री योगेश्वर कंवर को भी आज लर्निंग लाईसेंस मिला। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार उनकी समस्या का आसानी से समाधान हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।

### सुबह पानी सफाई देखने महापौर पहुंचे मोतीपुर, रामनगर एवं खण्डेलवाल कालोनी

**राजनांदगांव 7 मई।** महापौर श्री मधुसूदन यादव मूलभूत सुविधा बिजली,पानी सफाई का हाल जानने वार्डो में दस्तक दे रहे है। आज उनके द्वारा वार्ड नं. 7 व 8 के मोतीपुर, रामनगर एवं खण्डेलवाल कालोनी में सुबह पैदल घुम लोगो से रूबरू हो पानी व सफाई के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने आर.के.नगर गार्डन, पुष्पवाटिका एवं नेहरू उद्यान का उनके संवर्धन के लिए निरीक्षण किया। महापौर यादव मोतीपुर, रामनगर व खण्डेलवाल कलोनी में सुबह पहुँच वहा के रहवासियों से मिलकर बिजली, पानी व सफाई के संबंध में चर्चा किए। महिलाओ ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में कम पानी आता है, वही साफ सफाई कराने की बात कही। महापौर ने कहा कि इस वर्ष नदी का जल स्तर कम होने पर पानी की थोडी समस्या है, दो तीन दिनों से आंधी तुफान के कारण बिजली सप्लाई बाधित होने पर टंकी भरने में परेशानी हो रही है, जिससे पानी सप्लाई प्रभावित हो रही है, इसका समाधान किया जा रहा है। बंद बोरिंग को देख उन्होंने कहा कि इसका मरम्मत कराकर चालू कराया जायेगा।



वक्फ बिल मामले में जब सुनवाई शुरू हुई थी तो सुप्रीम कोर्ट के जजों के रवैए से लग रहा था कि वह इस मामले में जल्द सुनवाई करेंगे और जल्द कोई फैसला देने का प्रयास करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के तेवर तो यह थे कि वह सरकार पर यह कहकर दबाव डालने का प्रयास कर रही थी कि वह वक्फ बिल में बदलाव कर सकती है। कोई रोक लगा सकती है, कोई अंतरिम आदेश दे सकती है लेकिन केंद्र सरकार ने जब सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया कि वह अगली सुनवाई तक न तो वक्फ परिषद व न ही बोर्डों में गैर मुस्लिमों की नियुक्ति करेगी और न ही वक्फ बाय यूजर या अन्य पंजीकृत संपत्ति को गैरअधिसूचित करेगी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बिल को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को सात दिन का समय दिया था। तब सरकार अंतिरिम आदेश देने वाली थी इस पर सालिसिटर जनरल ने कहा था कि पूरे विचार विमर्श के बाद संसद से पारित किसी कानून पर सरकार का पक्ष सुने बिना अंतरिम आदेश नहीं दिया जाना चाहिए। तब सालिसिटर जनरल ने यह भी कहा था कि यदि कोर्ट कानूनी प्रावधानों को स्थगित करती है तो यह अपने आप में दुर्लभ होगा। सरकार को इस बारे में कई सुझाव मिले हैं,जिन्हें संशोधित कानून में शामिल किया गया है। पिछली बार सालिसिटर जनरल ने कोर्ट को यह बताया था कि कई जगह निजी संपत्ति को वक्फ घोषित कर दिया गया है। गांवों को वक्फ के रूप में लिया गया है।इस कानून पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के पहले ही कोर्ट में चुनौती दी गई और पीठ ने इसे तत्काल सुनवाई के लिए चुन भी लिया। इससे बड़ी संख्या में निर्दोष लोग प्रभावित होते हैं। इस पर पीठ ने कहा था कि हम अभी कोई आखिरी फैसला नहीं सुना रहे हैं। हमने कुछ कमियों की ओर इशारा किया है,हमने यह भी कहा कि कुछ सकारात्मक चीजे हैं,पर हम नहीं चाहते कि स्थिति इतनी तेजी से बदले कि इससे पक्षों के अधिकार प्रभावित हों,इस्लाम के पांच साल के अभ्यास जैसे प्रावधान हैं, हम इस पर रोक नहीं लगा रहे हैं। तब सालिसिटर जनरल ने कहा था कि प्रावधानों पर स्थगन देना कड़ा कदम होगा,सरकार को शुरुआती जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाना चाहिए। इस पर कोर्ट ने जो आदेश दिया। उसका वक्फ संशोधन बिल पर कोई असर नहीं पड़ा है तथा कोई रोक नहीं लगाई गई है। वक्फ बिल को लेकर जिन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी कि यह गैर संवैधानिक है, इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। तब वक्फ कानून विरोधी पक्ष तो यह चाहता था कि इस पर सुनवाई के बगैर ही रोक लगा देनी चाहिए, बड़े बड़े वकील सिब्बल, सिंघवी इसी काम के लिए लगाए गए थे। इन लोगों को जैसे ही पता चला कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार के कहने पर इस पर रोक नहीं लगा रहे हैं तो उनकी कोशिश थी कि इस पर अंतरिम आदेश ही दे दिया जाए ताकि मुसलमानों में यह संदेश जाए कि देखो हमने सुप्रीम कोर्ट में इस पर अंतरिम आदेश दिया है। हम सुप्रीम कोर्ट में पहले दौर की लड़ाई जीत गए हैं। लेकिन वक्फ कानून के विरोधी को तब झटका लगा जब वह जैसा चाहते थे वैसा सुप्रीम कोर्ट ने करने से ही मना कर दिया। अगली सुनवाई की तारीख पांच मई तय की गई थी। इसी दौरान एक घटना यह हुई थी कि दाऊदी बोहरा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पीएम मोदी

## संपादकीय

से मुलाकात कर संसद से पारित वक्फ संशोधन कानून का स्वागत किया था और आभार व्यक्त किया था, इससे देश के मुसलमानों में यह संदेश गया कि इस कानून का जितना विरोध मुस्लिम कर रहे है, ऐसा बताया जा रहा है, हकीकत में इस

### वक्फ बिल पर सीजेआई कोई फैसला देने से बचे

संशोधन बिल का स्वागत भी किया जा रहा है।यह सच भी है क्योंकि वक्फ का फायदा गरीबों को नहीं मिल रहा है यह सबको पता है, इसलिए जो मुसलमान गरीब हैं वह भी वक्फ संशोधन कानून के पक्ष में है क्योंकि यह कानून रहेगा तो ही उनको वक्फ का फायदा मिलेगा। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के वकील विष्णु शंकर जैन वक्फ घोषित संपत्ति (वक्फ बाय यूजर) की अवधारणा के औचित्य पर सवाल उठाया था और कहा था कि वक्फ बाय यूजर के आधार पर अधिग्रहित संपत्ति को वापस लेने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। उनका तर्क है कि जब देश में टेंपल बाय यूजर नहीं है तो वक्फ बाय यूजर क्यों है। पांच मई की सुनवाई में जो कुछ हुआ है, उसकी संभावना तो पहले से जताई जा रही थी क्योंकि केंद्र सरकार ने जिस तरह अपना पक्ष रखा और कहा कि वक्फ कानून में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए, उसको मान लिए जाने पर ही कहा जा रहा था कि इस मामले में जल्द कुछ नहीं होने वाला है। पांच मई को ऐसा ही हुआ भी है। सुनवाई की तारीख 15 मई कर दी गई है और कहा गया है कि मौजूदा सीजेआई 13 मई को रिटायर हो रहे हैं इसलिए अब वक्फ के मामले में सुनवाई नई पीठ करेगी।तब तक यथास्थिति बनाए रखी जाएगी। सीजेआई खन्ना ने वक्फ के मामले से खुद को अलग करते हुए कहा है कि कुछ ऐसे पहलू हैं जिनसे केंद्र सरकार निपटी है लेकिन इनमें और स्पष्टीकरण की जरूरत है। मैं इस चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता। इसलिए मामले की सुनवाई उचित समय पर करनी होगी। यह भी कहा गया है कि हमने केंद्र के जवाबी हलफनामे पर बहुत गहराई से विचार नहीं किया है।केंद्र ने वक्फ संपत्ति पंजीकरण के संबंध में कुछ बिंदु उठाएं हैं,और कुछ विवादित आंकड़े दिए हैं,जिन पर विचार करने की जरूरत है। यानी सीजेआई ने केंद्र के हलफनामा दिया है, उसे ठीक से पढ़ नहीं पाए, इसलिए उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक के बारे में इस सुनवाई में कुछ कहा नहीं और सब कुछ अगली पीठ के लिए छोड़ दिया है। इसे दूसर शब्दों में कहा जा सकता है कि उन्होंने मौका मिलने के बाद भी वक्फ संशोधन कानून के बारे में कुछ भी कहने से इसलिए बचने का प्रयास किया है, वह नहीं चाहते हैं कि रिटायर होने के बाद उनका हश्र भी पिछले सीजेआई चंद्रचूड़ जैसा हो। पिछले सीजेआई ने कई अहम फैसले किए लेकिन वह इस दौरान दोनों पक्षों के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास करते थे, यही बात देश में मौजूद इको सिस्टम को पसंद नहीं आती थी, इको सिस्टम चाहता था कि चंद्रचूड़ हर अहम मामले में बैलेंस करने की जगह सरकार के खिलाफ फैसला दें। कई बार चंद्रचूड़ पर ऐसा करने का आरोप लगा भी और कई बार चंद्रचूड़ ने विपक्ष जैसा चाहता था वैसा फैसला नहीं भी दिया। विपक्ष के नेता चाहते हैं कि देश की अदालत को विपक्ष की भूमिका निबाहनी चाहिए और विपक्ष जैसा चाहता है वैसा फैसला देना चाहिए। विपक्ष के लिए यही लोकतंत्र के लिए बेहतर है लेकिन चंद्रचूड़ ने एक बयान में कहा भी था कि इस देश में एक इको सिस्टम है जो चाहता है कि सुप्रीम कोर्ट को विपक्ष का काम करना चाहिए और विपक्ष को मजबूत करना चाहिए। लेकिन अदालत का काम विपक्ष का काम करना नहीं है, अदालत का काम दोनो पक्षों को सुनकर न्याय करना है और अदालत को अपना यही काम करना चाहिए। सीजेआई खन्ना भी जानते हैं कि देश में मौजूद इको सिस्टम उनसे क्या चाहता था, और वह उन्होंने जानबूझकर समय की कमी का बहाना कर नहीं किया है। इसलिए पिछले सीजेआई चंद्रचूड़ की तरह सीजेआई खन्ना की आलोचना आने वाले दिनों में इकोसिस्टम करता है तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। देश का इकोसिस्टम हर सीजेआई पर कई तरह से दबाव डालकर अपने मनमुताबिक फैसला चाहता है लेकिन कोई सीजेआई ऐसा नहीं करता है तो वह उनके फैसलों पर सवाल उठाया है, उनकी प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास करता है।ऐसा होता आया है, इसलिए इस बार भी ऐसा हो सकता है।

एयर स्ट्राइक

# ...बंदूकों की गोली का उत्तर सद्भाव नहीं होता !

**सुनील कुमार महला**



कवि हरिओम पंवार ने अपनी एक कविता में क्या खूब कहा है कि-'...नागफनी पर बेला चंपा कभी नहीं खिलने वाले।पत्थर की आंखों में आंसू कभी नहीं मिलने वाले।।बंदूकों की गोली का उत्तर सद्भाव नहीं होता।हत्यारों के लिए अहिंसा का प्रस्ताव नहीं होता।?।कोई विषधर कभी शांति के बीज नहीं बो सकता है?। और भेड़िया शाकाहारी कभी नहीं हो सकता है।।'पंवार जी यह कविता पाकिस्तान पर बिलकुल सटीक बैठती है, क्यों कि पाकिस्तान वह नागफनी( आतंकवाद) है, जिसको बार-बार समझाने पर भी उसमें कोई बदलाव नहीं आता है। हाल ही में भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर उसे यह संदेश देने का काम किया है कि 'हत्यारों के लिए अहिंसा का कोई प्रस्ताव नहीं होता है।' पाठकों को बताता चलूं कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के मात्र दो सप्ताह के भीतर भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की, हम सभी को भारत की इस सख्त कार्रवाई पर गर्व है।पाठक जानते हैं कि ये हमले मंगलवार- बुधवार की दरम्यानी रात( 6-7 मई 2025) को बहावलपुर, मुरीदके, बाघ, कोटली और मुजफ्फराबाद में किए गए। पहले भारत की पाकिस्तान पर वाटर स्ट्राइक, बाद में वीजा रद्द और अब 'ऑपरेशन सिंदूर', यह सब दशार्ता है कि भारत किसी भी हाल और परिस्थितियों में आतंकवाद और आतंकियों को नेस्तनाबूत करके छोड़ेगा। भारत की आतंकवाद के प्रति नीति हमेशा हमेशा से 'जीरो टोलरेंस' यानी कि 'शून्य सहनशीलता' की रही है। पाठक जानते होंगे कि बैसरन घाटी जिसे 'मिनी स्विटजरलैंड' के नाम से भी जाना जाता है, 22 अप्रैल, 2025 की दोपहर को अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठी थी और इस दौरान कुछ आतंकियों ने मिलकर घाटी की खूबसूरती को पर्यटकों के खून से रंग दिया था। इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले में जहां 26 लोगों की मौत हो गई थी वहीं, 16 लोग घायल भी हुए थे। भारत ने इसी का बदला लेते हुए आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया है और अब पाकिस्तान भारत की इस कार्रवाई के बाद तिलमिला रहा है। भारतीय सेना ने रात करीब दो बजे 'ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर(पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। यहां पाठकों को बताता चलूं कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की कसम खाई थी और उन्होंने यह बात कही थी कि उनका 'दुनिया के अंत तक' पीछा किया जाएगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 29 अप्रैल, 2025 को सुरक्षा समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों को 'ऑपरेशनल फ्रीडम' प्रदान करते हुए यह बात कही थी कि 'थल सेना, नौसेना और वायुसेना को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए किसी भी प्रकार की बाधा नहीं होगी। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग





है और सेनाएं इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए स्वतंत्र हैं।'

बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय सेना ने एक पोस्ट में लिखा थाः 'प्रहाराय स्नहिताः, जब प्रशिक्षिताः।' यानी कि 'हमला करने के लिए तैयार, जीतने के लिए प्रशिक्षित।' यहां यह उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना द्वारा एयर स्ट्राइक के बाद सीमा पार अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को टारगेट नहीं किया गया। वास्तव में इस संदर्भ में भारतीय सेना ने संयम का परिचय दिया।वास्तव में भारत इस कार्रवाई का असल मकसद आंतक को खत्म करना है, न कि पड़ोसी मुल्क के साथ संघर्ष को बचाना। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक संगठन 'द रेसिस्टेंस फ्रंट'(टीआरएफ) ने ली थी और भारत की एयर स्ट्राइक से लश्कर का मुख्यालय मिट्टी में मिल गया, तथा जैश के ठिकाने तबाह हो गए। दरअसल, भारतीय वायुसेना के हमलों में जैश-ए-मोहम्मद के 4, लश्कर-ए-तैयबा के 3 और हिज्बुल मुजाहिदीन के 2 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के बहावलपुर से लेकर पीओके के कोटली तक आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त कर दिए गए हैं।सच तो यह है कि भारत ने अपने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल के लिए पाकिस्तान के 100 किलोमीटर के दायरे में आतंकियों के 9 ठिकानों पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया। वास्तव में सबसे बड़ा हमला बहावलपुर में किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किमी अंदर स्थित है और यहां पर जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है।सांबा सेक्टर की सीमा से 30 किमी अंदर मुरीदके में भी लश्कर-ए-तैयबा का कैंप था,उसे भी भारतीय सेना द्वारा जमीन में मिला दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि तीसरा हमला गुलपुर में किया गया।पीओके के तंगधार सेक्टर में 30 किमी के अंदर सवाई जहां लश्कर का कैंप था, उसे भी निशाना बनाया गया है।यह कैंप 20 अक्टूबर 2024 को सोनमर्ग, 24 अक्टूबर 2024 को गुलमर्ग और 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार है। भारतीय सेना ने बिलाल कैंप( जैश-ए-मोहम्मद का लॉन्चपैड), लश्कर कोटली कैंप (लश्कर का बमबारी प्रशिक्षण केंद्र),बरनाला और सरजाल कैंप(जैश का कैंप) और महमूना कैंप (हिज्बुल मुजाहिदीन का ट्रेनिंग सेंटर) को निशाना बनाया और आतंकियों और पाकिस्तान को 'छठी का दूध' याद दिला दिया। पाकिस्तान को यह याद रखना चाहिए कि भारत ने अपनी एयर स्ट्राइक आतंकवाद और आतंकियों पर की है और भारत का मकसद हमेशा-हमेशा से शांति, सद्भाव, अहिंसा, भाईचारे और इंसानियत के पाठ पढ़ाने का रहा है, (युद्ध का कभी नहीं), ताकि आने वाली नस्लों को जीने के लिए एक बेहतर जगह मिल सके।अंत में बशीर बद्र जी के शब्दों में पाकिस्तान को यही कहूंगा कि-'सात संदूकों में भर कर दफ़्न कर दो नफरतें?।आज इंसाँ को मोहब्बत की जरूरत है बहुत।।'

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं, जिसमें आप अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपके किसी मित्र को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बातचीत करने में व्यतीत करेंगे, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए धन की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपकी आमदनी बढ़ने से आप काफी खुश रहेंगे। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ था, तो वह भी आपको मिल सकता है, लेकिन आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको बेवजह के झगड़े झंझटों में पड़ने से बचना होगा, क्योंकि वह आपका सिरदर्द ही बढ़ाएंगे। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए किसी जमीन-जायदाद से जुड़े मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला निपटेगा, जो आपके लिए सिरदर्द बना हुआ था। आप अपने घर की साफ-सफाई और बाकी कामों पर पूरा ध्यान देंगे। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपनी सहयोगियों से तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कोई निर्णय सोच समझकर लेने की आवश्यकता है। आप अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने की कोशिश करें और किसी बड़े लक्ष्य को पकड़कर चलेंगे, तभी वह पूरा हो सकेगा। विद्यार्थियों को कोई स्कॉलरशिप आदि मिल सकती है। अध्यापक भी आपसे काफी खुश रहेंगे। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको अपनी सोच समझ से कामों में आगे बढ़ना होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। किसी बात को लेकर यदि कोई उलझन थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी सहयोगी से कोई मन की बात कहने का मौका मिलेगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह आपको मिल सकती है, लेकिन आपका कोई काम लंबे समय से यदि लटका हुआ था, तो आपको उसे पूरा करने के प्रयत्न जारी रखने होंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी अच्छी सोच से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी। आपको अपने कामों में कुछ नया सीखने को मिलेगा। अपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। आपको अपने दोस्तों के साथ बहुत ही सोच समझकर बोलने की आवश्यकता है, क्योंकि उन्हें आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं।

**तुला** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपको यदि पार्टनरशिप में कोई काम करना पड़े, तो बहुत ही सोच विचारकर करें। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिसे आप आसानी से पूरा कर सकेंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घरेलू मामले यदि आपके लंबे समय से लटके पड़े थे, तो वह भी पूरे हो सकते हैं। आपको किसी काम को पूरा करने के लिए अपने किसी मित्रों से मदद लेनी पड़ सकती है। आप किसी नए काम की शुरूआत करने के बारे में सोच विचारकर सकते हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से आपका खर्चा भी अधिक होगा। घर के बड़े बुजुर्गों की सलाह आपके खूब काम आएगी और राजनीति में आप आगे बढ़ने के बारे में थोड़ा सोच विचार अवश्य करें।

**धनु** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनामा रहेगा। भाई- बहनों को आपका पूरा साथ मिलेगा। आप अपने शारीरिक कष्टों को नजरअंदाज ना करें, नहीं तो बाद में वह कोई बड़ी समस्या बन सकती हैं। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। प्रेम जीवन सुखमय रहेगा। आप अपने बेफिजूल के खर्चों पर भी लगाम लगाने की कोशिश करें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और आप अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक लेकर जाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें। संतान के मन में चल रही उलझन को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। वैवाहिक जीवन में भी आपसे प्रेम बना रहेगा। आपको सामाजिक कामों के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपकी आमदनी के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और परिवार में चल रहा वाद-विवाद भी काफी हद तक दूर होगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। ससुराल पक्ष आपको धन लाभ मिलते दिख रहा हैं। विदेशों से व्यापार कर रहे लोग किसी बड़ी डील के फाइनल होने से काफी खुश रहेंगे। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। संतान को आप किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए धन के मामले में अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने अधिकारियों का पूरा साथ मिलेगा और वह आपको कोई प्रमोशन भी दे सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, लेकिन जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आने से आज आपका मन परेशान रहेगा। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग आज अपने साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं.

जय हिन्द

# सैनिकों का सम्मान: समर्पण और बलिदान की पहचान

**डॉ. सत्यवान सौरभ**





हमारे देश के सैनिक, जो सीमाओं पर अपने प्राणों की आहुति देकर हमारी रक्षा करते हैं, केवल वर्दी का बोझ नहीं उठाते, बल्कि वे हमारे चैन और स्वतंत्रता की सुरक्षा का भी भार संभालते हैं। ऐसे वीरों का सम्मान हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। यह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय चरित्र का मूल आधार होना चाहिए।

**सैनिकों का बलिदान: एक अविस्मरणीय सेवा**-सीमाओं पर खड़े सैनिक केवल गोलीबारी और बर्फीली तूफानों का सामना नहीं करते, वे उन अदृश्य दुश्मनों से भी लड़ते हैं, जो हमारे चैन और सुरक्षा के पीछे छिपे हैं। वे अपनी जान जोखिम में डालकर आतंकवाद, घुसपैठ और प्राकृतिक आपदाओं से हमें सुरक्षित रखते हैं। इनका जीवन एक स्थायी संघर्ष है झ्र न दिन का पता, न रात का चैन। कल्पना कीजिए, जब हम त्योहारों पर अपनों के बीच हँसते-गाते होते हैं, तब वे बर्फ से ढके पहाड़ों पर, तपती रेत में या समुद्र की उफनती लहरों से जूझते हैं। वे अपनी जान हथेली पर रखकर देश की अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं।

**यात्रा में सैनिकों का सम्मान**-अगर किसी ट्रेन में बिना रिजर्वेशन के खड़े सैनिक नजर आएं, तो अपने सीट का छोटा सा त्याग कर उन्हें बैठने का सम्मान दें। यह न केवल उनके प्रति सम्मान है, बल्कि उनके साहस और बलिदान की कद्र है। वे वे लोग हैं जो सीमा पर खड़े रहकर हमें चैन की नींद सुलाते हैं। यह छोटी सी पहल उनके साहस का सम्मान है।

**सड़क पर दिखें तो मदद करें**-अगर सड़क पर सैनिक अपने गंतव्य की ओर जाते दिखें, तो अपने वाहन में उन्हें अगले मुकाम तक छोड़ने में संकोच न करें। यह न केवल उनके प्रति सम्मान है, बल्कि हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है।

**रहने और खाने की सुविधा**-होटलों, ढाबों और रेस्तरां में अगर कोई सैनिक ठहरने आए तो उसे निशुल्क रहने और खाने की सुविधा दी जानी चाहिए। यह एक छोटा सा योगदान है, लेकिन इसके माध्यम से हम अपने सैनिकों को यह महसूस करवा सकते हैं कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उनके लिए हर दरवाजा खुला रहे, हर रास्ता आसान हो।

**सैनिकों के परिवारों का सम्मान**-सैनिकों के परिवार भी इसी सम्मान के हकदार हैं, जो अपनों को सीमाओं पर भेजकर राष्ट्र सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दे रहे हैं। उनका सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है जितना सैनिकों का। ये परिवार भी अपनी कठिनाइयों को सहते हुए अपने सैनिकों को मानसिक और भावनात्मक समर्थन देते हैं।

**सैनिकों के सम्मान की नई परंपरा**-हमारे समाज में त्योहारों और विशेष अवसरों पर हम देवताओं का पूजन, भंडारे और कीर्तन करते हैं, लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि वे सैनिक, जो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सीमा पर लड़ते हैं, उनके लिए क्या किया? क्या हम उनके लिए भी एक नई परंपरा की शुरूआत नहीं कर सकते? जैसे हर शहर, हर गाँव में सैनिकों के सम्मान में छोटे-बड़े समारोह हों, स्कूलों और कॉलेजों में 'सैनिक सम्मान दिवस' मनाया जाए, जहाँ उनके साहस की कहानियाँ सुनाई जाएँ।

**सरकारी सहायता और नागरिक पहल**-सरकार और नागरिक समाज को मिलकर सैनिकों के सम्मान को एक राष्ट्रीय परंपरा बनाना चाहिए। इसके लिए स्थानीय संगठनों, सामाजिक समूहों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को प्रेरित किया जाना चाहिए कि वे सैनिकों को विशेष सुविधाएं दें। उदाहरण के लिए, होटलों में उनके ठहरने की व्यवस्था, रेस्तरां में भोजन और परिवहन में रियायतें दी जा सकती हैं।

**एक नई परंपरा की शुरूआत**-आइए, हम एक नई परंपरा की शुरूआत करें, जहां हर सैनिक को उसकी बहादुरी और त्याग के लिए सर्वोच्च सम्मान दिया जाए। यह न केवल हमारे राष्ट्रीय चरित्र का प्रतीक होगा, बल्कि हमारे समाज की एक सकारात्मक छवि भी प्रस्तुत करेगा। सैनिकों के प्रति हमारा सम्मान केवल भाषणों और नारों तक सीमित न रहे। यह हमारे व्यवहार और आचरण में झलकना चाहिए। हमारे सैनिक हमारे असली नायक हैं, और उन्हें हर कदम पर सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। हमारे सैनिकों का बलिदान और उनके द्वारा किए गए संघर्षों का मूल्यांकन केवल शब्दों से नहीं किया जा सकता। वे हमारे असली नायक हैं, जो बिना किसी शिकायत के अपनी जान की बाजी लगाकर हमें सुरक्षा प्रदान करते हैं। उनका सम्मान केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे कार्यों से उनकी बहादुरी को सम्मानित कर सकते हैं—चाहे वह ट्रेन में एक सीट का त्याग हो, सड़क पर मदद करना हो, या उन्हें निशुल्क सेवाएं प्रदान करना हो। सिर्फ सैनिकों को ही नहीं, उनके परिवारों को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि वे भी अपने प्रियजनों को राष्ट्र सेवा में भेजकर मानसिक और भावनात्मक संघर्ष का सामना करते हैं। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें अपनी आदतों, व्यवहारों और परंपराओं के माध्यम से सम्मानित करें। देशभर में एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहिए, जहाँ सैनिकों को केवल औपचारिक सम्मान न मिले, बल्कि वे समाज के एक अहम अंग के रूप में सम्मानित हों। यह न केवल उनके साहस का सम्मान होगा, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता और शक्ति को भी मजबूत करेगा।

व्यंग्य

# सरकारी दफ्तर की दास्ताँ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



शहर के बीचों-बीच, एक ऐतिहासिक इमारत थी—जमाने भर के फाइल-काण्डों की साक्षी। नाम था नगर निगम भवन, लेकिन जनता इसे प्यार से 'नागर निकम्मा भवन' कहती थी। वहां काम करने वाले बाबूओं का मानना था कि कुर्सी पर बैठते ही आत्मज्ञान की प्राप्ति हो जाती है, और फिर शरीर स्थिर, और आत्मा चाय में विलीन हो जाती है। जैसे ही कोई फरियादी आता, सबसे पहला प्रश्न होता, किस विभाग से हैं? और अगर बेचारा सीधा नागरिक होता तो फिर—तो फिर पहले साहब से मिलिए, वो नीचे नहीं आते। और साहब? वो एकांत साधना में व्यस्त होते, व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की पीएचडी में। एक दिन एक बुजुर्ग महिला आईं—सत्तर के पार होंगी। काँपती उंगलियों से एक पिटारा सा कागज निकाला और कहा, बेटा, ये नल का बिल गलत आ गया है। बाबू ने नजरें उठाईं, मुस्कराए, और बोले—अम्मा जी, मशीन ही गड़बड़ करती है, हम तो बस छपवा देते हैं। फिर कुछ पल बाद बोले, और हाँ, कंप्यूटर आज डाउन है, कल आइए। अम्मा जी का चेहरा झूलती बिजली की तरह बुझ गया। वो बड़बड़ाईं—बेटा, मैंने 1971 में भारत-पाक युद्ध में कैंटीन चलाई थी, और अब...अब मेरे लिए एक पेंशन फॉर्म भरवाने वाला भी नहीं। बाबू मुस्कराया, देशभक्ति को सलाम, लेकिन फॉर्म भरने के लिए एजेंट से मिलिए। वहां की कैंटीन भी इतिहास में दर्ज होनी चाहिए। चाय ऐसी बनती थी कि दो घूंट में वादा खिलाफी की तरह कड़वाहट छोड़ जाए। और समोसे में आलू खोजने का रोमांच वैसा ही था जैसे मनोज कुमार की फिल्म में देश ढूंढ़ना। वहाँ के कर्मचारी एक-दूसरे को श्रीमान जी कहकर संबोधित करते थे, लेकिन पीठ पीछे वो घूसखोर से कम कुछ नहीं। साहब लोग जब बैठक करते, तो विषय होते—फाइल कैसे दबाएं, काम करने का भ्रम कैसे फैलाएं, और फ्ळ्क वालों से कैसे बचें। एक बार एक युवा फ्ळ्कएक्टिविस्ट घुस आया। जेब में संविधान, आंखों में आग। सीधा पूछा—जनाब, ये सड़क तीन बार बजट में पास हुई, बनी क्यों नहीं? जवाब मिला—भाई साहब, बन तो गई थी...बाढ़ में बह गई। लड़के ने पूछा—बाढ़ तो पांच साल पहले आई थी। साहब बोले—तो आपने पांच साल क्यों गंवाए? कानून की भी समय-सीमा होती है। फिर उसे एक 48 पन्नों की फाइल दी गई जिसमें हर दूसरा पन्ना लिखा था—संदर्भ हेतु देखें पृष्ठ 13। और 13वें पन्ने पर लिखा था—फाइल निमार्णाधीन है। वहीं एक स्थायी चरित्र था—रामलाल चपरासी। जिसे लोग रैफरेंस रावण कहते थे। किसी भी अधिकारी तक पहुंचने के लिए उसके पांव छूने पड़ते थे। फाइलें उसकी टेबल पर पहुंचकर समाधि में चली जाती थीं, और जब तक प्रसाद न चढ़े, पुनर्जन्म संभव नहीं था। उसने तीन बार ट्रांसफर रोका था, चार बार प्रमोशन टाल दिए, और पांच बार छुट्टी की अर्जी बिना पढ़े फाइल गुम बता दी। उसे भी दुख था, पर सिर्फ इतना कि कैंटीन वाले अब दूध पतला देने लगे थे। वो कहता, देश में सब चलता है, लेकिन बिना मलाई की चाय नहीं। फिर आई वह घड़ी, जब एक 85 वर्षीय वृद्ध ठेकेदार, लाठी के सहारे आया और बोला, बेटा, 1964 में मैंने सरकारी स्कूल की नींव डाली थी, उसका भुगतान बाकी है। बाबू चौंका—साहब, तब तो हम पैदा भी नहीं हुए थे। बूढ़ा मुस्कराया—पर स्कूल अब भी चल रहा है। बाबू ने हँसते हुए फाइल को झाड़ा और बोला—ये तो इतिहास में दर्ज होनी चाहिए। वैसे फ्ळ्कलगाओ, हम भी कुछ नया पढ़ेंगे। दोपहर के तीन बजे थे। टेबलों पर फाइलें थीं, और मन में आखिर कब तक का चुप सा प्रश्न। अचानक बिजली चली गई, और वढर ने भी त्यागपत्र दे दिया। एक बाबू बोला—लो, अब काम नहीं होगा। दूसरे ने तुरंत जोड़ा—और जब बिजली थी, तब क्या हो रहा था? पूरा विभाग मंद मुस्कराहट में लीन हो गया, जैसे मोदी जी के मन की बात चल रही हो। फिर सबने चाय पी, बिस्कुट तोड़े, और कहा—देश बदल रहा है। शाम को अम्मा जी फिर लौटीं। वही बिल, वही दर्द। बाबू ने फिर मुस्कराकर कहा, आज साहब मीटिंग में हैं, कल पक्का कर देंगे। अम्मा के चेहरे पर आंसू थे, और आंखों में वो चमक जो 1971 में टेंट में जली स्टोव की याद दिला दे। उन्होंने बस इतना कहा—बेटा, तू मेरी जगह बैठ, और मैं तुझसे कहूं—कल आना। तब समझेगा। बाबू सन्न। चाय का घूंट कसैला हो गया। और फिर आई वो सुबह, जब नगर निगम का एक कर्मचारी हृदयाघात से गया। किसी को नाम याद नहीं था। बस इतना कहा गया—वो जो 35 साल से छुट्टी पर नहीं गया, आज स्थायी अवकाश पर गया।

## एक नजर

### आधार कार्ड बनाने लोगों को मोबाइल संदेश से दी जा रही जानकारी

**सुकमा,7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के कुशल निर्देशन में सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा आधार कार्ड संबंधित आवेदनों को शत प्रतिशत निराकरण करने के उद्देश्य से नागरिकों को एसएमएस के जरिए आवेदन की स्थिति व आवश्यक कार्यवाही की सूचना भी प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय है कि समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों द्वारा आधार कार्ड निर्माण, दस्तावेज सुधार, पेंशन, राशन कार्ड इत्यादि जैसे विविध विषयों पर प्रस्तुत आवेदनों का समाधान किया जा रहा है।

### सुशासन तिहार को लेकर एक्शन मोड में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव

**सुकमा,7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



सुकमा विकासखंड के डोडपाल पंचायत में आयोजित समाधान शिविर के दौरान शासकीय कार्यों के संपादन में गंभीर लापरवाही बरतने के कारण पटवारी गोपी कृष्ण कुंवर हल्का डोडपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वही महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की सूची आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को उपलब्ध नहीं करवाने की लापरवाही के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना सुकमा की पर्यवेक्षक श्रीमती सुमन पुरैना को शो-काज नोटिस जारी किया गया हैं ।

### सुशासन शिविर में लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित व पर्यवेक्षक को नोटिस जारी

**सुकमा,7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने राज्य शासन के सुशासन तिहार 2025 के तहत सुकमा जिले के ग्राम डोडपाल में आयोजित शिविर के दौरान शासकीय कार्यों के संपादन में गंभीर लापरवाही बरतने के कारण और किसानों से राशि की मांग करने के फलस्वरूप प्रथम दृष्ट्या शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए श्री गोपी कृष्ण कुंवर पटवारी हल्का डोडपाल को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उल्लंघन का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय सुकमा नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। डोडपाल में आयोजित उक्त शिविर में महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों की सूची ग्राम डोडपाल की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को उपलब्ध नहीं करवाने की लापरवाही के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना सुकमा की पर्यवेक्षक श्रीमती सुमन पुरैना को शो-काज नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन

**सुकमा,7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सुकमा जिला रेडक्रॉस शाखा द्वारा 8 मई को एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में शबरी जन सेवा ट्रस्ट द्वारा पूर्व में संबंधित संस्थाओं और नागरिकों को आमंत्रित करते हुए एक पत्र प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में ट्रस्ट द्वारा एक विनम्र अनुस्मारक पत्र जारी किया गया है, जिसमें सभी नागरिकों, संस्थानों और संगठनों से इस मानवसेवी पहल में सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है। ट्रस्ट का कहना है कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह समाज में सहयोग और सेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

इस शिविर के माध्यम से सुकमा जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास को बल मिलेगा और यह दिन रेडक्रॉस के मूल उद्देश्य सेवा, मानवता और निष्पक्षता का सशक्त संदेश देगा। जिला प्रशासन सुकमा ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे रक्तदान शिविर में भाग लेकर मानवता की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

### समाधान शिविरों में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें :कलेक्टर

**सुकमा, 7 मई ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को समाधान शिविरों के आयोजन को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अनिवार्य रूप से शिविर स्थल पर स्टॉल लगाएं और उपस्थित रहें। साथ ही सभी योजनाओं की जानकारी पंपलेट के माध्यम से वितरित की जाए।

कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की और संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।विशेष रूप से विद्युत, पेयजल, कृषि और राजस्व जैसे विभागों को प्राथमिकता के साथ कार्य करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री जनदर्शन के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिए गए।बैठक में निर्माण कार्यों की भी समीक्षा हुई। कलेक्टर ने कहा कि निर्माणाधीन सड़कों के लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किए जाएं ताकि तय समय सीमा में काम पूरा हो सके। 128 ग्रामों में 100 प्रतिशत सैचुरेशन का लक्ष्य

नियद नेल्ला नार योजना के तहत चयनित 128 ग्रामों में शत-प्रतिशत सैचुरेशन पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए।

बड़ेसेट्टी बनेगा मॉडल पंचायत कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि नक्सल मुक्त बड़ेसेट्टी को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत में हर पहलू में विकास की जाए।

# बस्तर में 1.88 लाख आवेदनों का निराकरण हुआ ही नहीं,फिर कहां है सुशासन:सुशील मौर्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 7 मई।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सुशासन तिहार सिर्फ ढकोसला है,जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिलने वाला है।बस्तर जिले में सुशासन तिहार 2025 के तहत 1.88 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनका आज पर्यंत तक निराकरण नहीं हुआ है वहीं नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए जगदलपुर भारतीय जनता पार्टी की नगर निगम सरकार द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर केंद्र शहर के समस्त वार्डों में खोला गया था, आज तक उन आवेदनों का कोई भी निराकरण नहीं हुआ आखिर इनका निराकरण कब होगा !..आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा..!!जब प्रथम और द्वितीय चरणों के आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ है तो फिर सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कैसे निवाकरण होगा..!ऐसे में कैसे सुशासन आएगा..!युवा, किसान,व्यापारी, महिलाएं,छात्र,युवा,हर वर्ग हताश और परेशान है उनकी परेशानी का समाधान यह सरकार नहीं कर पा रही है..बस्तर जिले में आए दिन बिजली बंद,बिजली कटौती से आम जनता परेशान है,कुल मिलाकर भाजपा की सांय सरकार सिर्फ जनता को दिग्भर्मित करने का कार्य कर रही है।

वही भाजपा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बढ़ते अपराध, यातायात समस्या, शिक्षक भर्ती और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखे हैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने सांसद के पत्र का ही निराकरण नहीं कर पा रहे हैं..तो आम जनता का निराकारण कहां से होगा..!!इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75,000 से अधिक आवेदन आया था। जिसका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। ऐसे में फिर कहां है सुशासन?ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। प्रत्येक वर्ग अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं और जिम्मेदार तिहार मना रहे हैं।श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। अब तक 50 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है।बिजली कटौती, पेयजल की समस्या, शिक्षकों की कमी,युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं,व्यापारी अनियमित जीएसटी से परेशान है।प्रदेश में मात्र 33 प्रतिशत स्टील उद्योग चल रहे हैं बांकी महंगी बिजली एवं प्रशासनिक अराजकता के चलते बंद हो गए है।अनियमित कर्मचारी, दिव्यांगजन वादाखिलाफी से त्रस्त है। नया 18 लाख प्रधानमंत्री आवास में से एक भी आवास स्वीकृत नहीं हो पाया है। 500 रू. में गैस सिलेंडर का वादा जुमला निकला।प्रधानमंत्री आवास को तोड़ा जा रहा है।अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है,परिवहन विभाग की वसूली से ट्रांसपोर्टर वाहन चालक त्रस्त है। रोज नए नियम लागू करके जनता को परेशान किया जा रहा है। क्या यही सुशासन है?

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद सिर्फ भाजपा नेताओं के लिए सुशासन है कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार जोरों पर है। कोई ऐसा विभाग नहीं बचा है जहां भाजपा के बिचौलिया न हो। डेढ़ साल में सड़क का मरम्मत नहीं हो पाया, स्कूलों के बिल्डिंग ध्वस्त हो रही है, अस्पतालों में दवाइयां नहीं है, जांच मशीने खराब पड़ी है, आयुष्मान का भुगतान रोके जाने से निजी अस्पताल इलाज में बहानेबाजी करके मरीजों को लौटा रहे है। मरीज इलाज के लिए भटक रहे, महतारी वंदन योजना में नाम काटा जा रहा है, रेडी टू ईट को महिला स्वास्थ्य समूह को देने की घोषणा की गई थी लेकिन वह सिर्फ घोषणा ही साबित हुई है,भाजपा सरकार पूरी तरह असफल साबित हो गई है।

## दरगहन में समाधान शिविर आयोजित कर मांग एवं शिकायतों का किया निराकरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा,7 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा इन दिनों प्रदेश भर में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है । जिसमें ग्राम पंचायतों में निवासरत सभी ग्रामीणों की मांगें पूरी करने एवं उनकी विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सजगता से काम करने में लगी हुई है । वहीं सरकार ने समय पर ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण करने प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं । सुशासन तिहार 2025 के तहत चारामा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत दरगहन में मंगलवार 6 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे लगभग 10 ग्राम पंचायतों जिसमें दरगहन, सिरसिदाए बगौरी लिलेझर, चावड़ी, बारगरीए जैसाकर्राए सराधू नवागांव, खरथाए गोलकुम्हड़ा के ग्रामीणों से प्राप्त मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदनों का विभाग वार निराकरण किया गया । जहां पर कुछ ग्रामीणों व शिशूओं का मौके पर ही आधार कार्ड बनाया गयाए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीणों का उपचार कर दवाईयां भी वितरित की गई । समाधान शिविर में अतिथि के रूप में श्रीमती जागेश्वरी भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत चारामाए जनपद सदस्य श्रीमती बिस्मत नरेटीए श्रीमती अमिता बंजारेए श्रीमती रमशिला मंडावीए राजू नरेटी सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन एवं प्रशासन की ओर से नरेंद्र बंजारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामाए सत्येंद्र शुक्ल तहसीलदार चारामा ए गोपाल सिंह कंवर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामाए श्रीमती हेमलता सलाम नायब तहसीलदार उप तहसील लखनपुरी, वेनू सुकदेवे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा सहित समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं सभी 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक घनाराम नागराज के द्वारा किया गया ।

## तोगपाल में की गई `दो डाक्टरों की मांग

**जगदलपुर, 7 मई।** हमेशा का यही हाल है, यहां एक भी mbbs नहीं हैं. सुशासन तिहार में ग्राम पंचायत तोंगपाल से सबसे ज्यादा आवेदन एक पुरुष mbbs और एक महिला mbbs की मांग की गयी है। जब भी अपातकाल की समस्या आती है तब वहां कोइ डॉक्टर नहीं रहते। एक महीने पहले एक शिक्षक संजय देवांगन को ऑक्सीजन चढ़ाये थे उनकी दोनों मशीन ख़राब थी। डॉक्टर जाएसवाल को बार बार बताया जा रहा था की ये ऑक्सीजन मशीन ख़राब है लेकिन वो मान ही नहीं रहे थे, बाद में माने। अस्पताल का हर संसाधन डॉक्टर और स्टाफ के घर में है।

बिना नस ढूंढे संजय देवांगन को बॉटल चढ़ा दिया गया, इसकी पुष्टि मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में चिकित्सक के द्वारा हुई. केस देखने से पहले ही रेफर कर दिया जाता है। सामान्य जनता के लिए इनका व्यवहार भी बहुत ख़राब रहता है, भगवान भरोसे चल रहा है यहां का हॉस्पिटल तोंगपाल। सघन आबादी के बाद भी यहाँ कोइ व्यवस्था नहीं है। अब क्या किया जाये।

## किरंदुल नपा के वार्ड-6 में उम्मीद से बढ़कर कार्य करा रहे पार्षद गोपीनाथ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल,7 मई।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 6 में सीपीआई से पार्षद गोपी नाथ द्वारा निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। वार्डवासियों की उम्मीदों से बढ़कर कार्य कर रहे पार्षद ने क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी है।विदित हो कि पिछले वर्ष बरसात के दौरान वार्ड में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिससे कई घर व परिवार प्रभावित हुए थे। इसके साथ ही, क्षेत्र में स्थित बड़े नाले और पुल भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। अब उन सभी का पुनर्निर्माण कार्य प्रगति पर है।इसके अतिरिक्त वार्ड में सड़कों का सुधार, गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण तथा रिटेनिंग वॉल (संधारण दीवार) जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी तेज़ी से जारी हैं। इसी क्रम में वार्ड के नागरिकों ने पार्षद गोपी नाथ से भेंट कर अपनी समस्याएं साझा कीं और निराकरण की अपील की। निवासी श्री ऐमन दास चुन्नम ने वर्षों पुरानी एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास रिटेनिंग वॉल की आवश्यकता है, जिसकी मांग उन्होंने करीब 15 वर्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष से की थी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।अब उन्हें नए पार्षद गोपीनाथ से पूरी उम्मीद है कि यह समस्या जल्द ही सुलझेगी। पार्षद ने आश्वासन दिया है कि रिटेनिंग वॉल सहित अन्य सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

### करेंगुट्टा पहाड़ी पर हुआ आईईडी ब्लास्ट, चपेट में आने से 2 जवान घायल.

**सुकमा,7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन आज 14 वें दिन भी जारी है. इस ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबल के 2 जवान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गए. आईईडी ब्लास्ट होने से जवानों के हाथ और पैर में चोटें आई है.घटना के बाद तत्काल जवानों को कैंप लेजाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चॉपर से बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार माओवादियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन के तहत दोनों जवान करेंगुट्टा के पहाड़ी में सर्चिंग कर रहे थे. इसी दौरान वे माओवादियों द्वारा लगाए गए ढ्ब्ष्ठ की चपेट में आ गए. फिलहाल घायल जवानों का इलाज जारी है.

## कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान से जनता को जोड़ें:विजय कुमार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नरहरपुर,7 मई।** संविधान बचाओ अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरहरपुर के द्वारा नगर के रेस्ट हाउस में आवश्यक बैठक आहूत किया गया जिसमें संविधान बचाओ अभियान के समन्वयक विजय कुमार ठाकुर सह समन्वयक सरजू शोरी की उपस्थिति में 9 मई को कांकेर में जिला स्तरीय संविधान बचाओ अभियान के तहत विशाल रैली एवं शाम को मशाल रैली निकाली जाएगी जिसके सम्बन्ध में समन्वयक ने ब्लॉक स्तर के जनप्रतिनिधियों पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा कर अपने अपने क्षेत्रो से स्वयं एवं आम लोगों को इस महा अभियान में लाने को कहा गया इस मुख्य बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष रोहिदास शोरी कौशिलिया शोरी हलाल नेताम अजय कुमार ठाकुर सुरेंद्र कुमार नेताम रोहन कुमार सिन्हा दिनेश कुमार पटेल टकेशवर सिन्हा हलाल नेताम रोमन लाल सोन बेर डीकेश मरकाम संतराम मरकाम रवि कुंजाम कुंजाम श्रीचंद कोड़ोपी मनीराम सिन्हा समारु राम एवं क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंच एवं बड़ी संख्या में ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहे

## तेंदूपत्ता घोटाले में11 समिति प्रबंधक बर्खास्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 7 मई।** जगदलपुर वन वृत्त जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक आरसी दुग्गा ने विभाग में बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। श्री दुग्गा ने सुकमा वन मंडल में तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि वितरण में अनियमिता मामले में 11 समिति प्रबंधकों को बर्खास्त और समिति के संचालक मंडल को भंग कर दिया है। 34 हजार 408 संग्राहकों की 5 करोड़ 72 लाख बोनस राशि वितरण को लेकर विभाग द्वारा जांच पड़ताल कर सूची तैयार की जा रही है।मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि जिला यूनियन सुकमा द्वारा सीजन वर्ष 2021-22 में 50 हजार 274 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 7 करोड़ 85 लाख की बोनस राशि का वितरण किया जाना था। जिसमें संग्राहक के बैंक खातों में 15 हजार 870 संग्राहकों को 2 करोड़ 13 लाख रूपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं। शेष लगभग 34 हजार 408 संग्राहकों को 5 करोड़ 72 लाख का नगद भुगतान किया जाना था। मगर इस राशि की बंदरबांट कर ली गई। मामले सुकमा वन मंडल के डीएफओ को दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया है। एसीबी ने मामले में कार्रवाई करते हुए डीएफओ को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में 11 समिति प्रबंधकों को भी संलिप्त पाया गया है। इन समिति प्रबंधकों को बर्खास्त कर दिया गया है। शासन से अनुमति प्राप्त होने के उपरांत संघ मुख्यालय द्वारा जिला यूनियन सुकमा को तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक के नगद वितरण हेतु राशि हस्तांतरित की गई थी । जिला यूनियन सुकमा के अंतर्गत प्राथमिक लघु वनोपज समितियों द्वारा कुछ संग्राहकों को नगद वितरण किया जा चुका है एवं 11 समितियों में कुछ संग्राहकों को वितरण नहीं किया गया है।

## तेंदूपत्ता बोनस वितरण में अनियमितता पर वन विभाग ने की सख्त कार्रवाई



**सुकमा,7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनमंत्री छत्तीसगढ़ शासन केदार कश्यप के निर्देशानुसार सुकमा वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2021 एवं 2022 के दौरान तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रदान किए जाने वाले बोनस वितरण में पाई गई अनियमितताओं के परिप्रेक्ष्य में 11 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों तथा उनके प्रबंधकों के विरुद्ध वन विभाग एवं जिला वनोपज सहकारी संघ, सुकमा द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। प्रारंभिक जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया है कि संग्राहकों को निर्धारित पूर्ण राशि का भुगतान नहीं किया गया तथा वितरण प्रक्रिया में गंभीर प्रक्रियागत त्रुटियाँ एवं अनियमितताएँ परिलक्षित हुई हैं।यह कार्रवाई शासन के निर्देशानुसार पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं संग्राहकों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से की जा रही है।वर्ष 2021 एवं 2022 के तेंदूपत्ता संग्रहण के प्रतिफलस्वरूप कुल 7,82,83,959 की राशि बोनस वितरण हेतु स्वीकृत हुई थी, जिसमें से कुल ?1,77,76,116 का भुगतान संग्राहकों के संबंधित बैंक खातों में किया गया एवं ?5,74,71,986 राशि का नगद भुगतान की अनुमति दी गई थी। प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) वितरण के अंतर्गत नगद भुगतान के दौरान प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, गोलापल्ली, कोंटा, पालाचलमा, किस्तराम, जग्गवरम, दुब्बाटोटा, बोडकेल, मिचिगुड़ा, जगरगुंडा, सुकमा तथा फूलबागड़ी समितियों में वितरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं परिलक्षित हुईं। विभाग द्वारा इन अनियमितताओं का संज्ञान लेते हुए तत्समय पदस्थ वनमंडलाधिकारी अशोक पटेल, भारतीय वन सेवा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। संबंधित 11 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों एवं उनके प्रबंधकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 के अंतर्गत समिति के अध्यक्षों, संचालक मंडल के सदस्यों तथा प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित अवधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने के फलस्वरूप उक्त समितियों को विधिसम्मत भंग कर दिया गया एवं प्रबंधकों को कार्य से पृथक कर दिया गया है। तत्पश्चात, सभी 11 समितियों पर जिला वनोपज सहकारी संघ द्वारा विनिर्दिष्ट प्राधिकारी नियुक्त किए गए हैं।उक्त 11 समितियों में हुई अनियमितताओं की राशि का आंकलन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया प्रचलित नियमों के अंतर्गत निष्पक्ष रूप से संपादित की जा रही है। जांच पूर्ण होने के उपरांत संबंधित विवरण यथासमय साझा किया जाएगा।जांच प्रक्रिया के दौरान कुछ प्रबंधकों द्वारा प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी संघ, सुकमा के खाते में कुल 56,30,421 की राशि जमा कराई गई है। उक्त राशि का वितरण हितग्राहियों के सत्यापन उपरांत शासन के आदेशानुसार संग्राहकों को वितरित किया जाएगा। साथ ही, संबंधित 11 समितियों के तत्कालीन पोषक अधिकारियों को वनमंडलाधिकारी, सुकमा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उनके विरुद्ध आगामी आवश्यक कार्रवाई प्रचलित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप की जाएगी।वन मंत्री केदार कश्यप ने इस संपूर्ण प्रकरण की गहनता से जांच कर दोषी पाए जाने वाले विभाग के अधिकारी, प्रबंधक एवं पोषक अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है ।

## समाधान शिविर डोडपाल में छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका वितरित



**सुकमा,7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव निर्देशन और जिला सीईओ श्रीमति नम्रता जैन के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत डोडपाल में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जनसंपर्क विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का वितरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें राज्य शासन की जनकल्याणकारी और विकास के क्षेत्र में लिए गए महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में अद्यतन जानकारी मिलती है। उल्लेखनीय है कि जनमन पत्रिका में महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर महतारी सदनों का निर्माण और महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आहार-पोषण के लिए 70 लाख महिलाओं को मिलने वाली प्रति माह 1 हजार रूपए की जानकारी दी गई है। इसी तरह जनमन पत्रिका में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यटन, बजट, वैश्विक व्यापार में उभरता छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ से विदेश निर्यात होने वाले प्रमुख उत्पाद, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग, छत्तीसगढ़ के खनिज और धातु, महाकुंभ में छत्तीसगढ़ की भागीदारी, छत्तीसगढ़ के जलप्रपात, गुफा और धार्मिक स्थलों की जानकारी, भूमकाल आंदोलन तथा शासन के विभिन्न योजनाओं की एकत्रित जानकारी दी गई है।

## सुशासन तिहार का पहला समाधान शिविर ग्राम पंचायत डोडपाल में लगाया गया



**सुकमा,7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण का पहला समाधान शिविर सोमवार को सुकमा विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र के कलस्टर ग्राम पंचायत डोडपाल में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, जनपद अध्यक्ष सुकमा श्री संतोष इड़ो सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कलस्टर पंचायत में शामिल 5 पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में सभी विभागों के जिला, अनुविभाग एवं खण्डस्तरीय अधिकारी अपने विभागीय स्टाल के साथ उपस्थित रहे। समाधान शिविर में ग्रामीणों को कलेक्टर और सीईओ के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिला। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और माँग के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर के निर्देशानुसार समाधान शिविर में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा तत्काल उनकी समस्या का निराकरण किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनके माँग सड़क निर्माण और पेयजल आपूर्ति पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदनों एवं खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी विस्तार से दी।

## एक नजर

### सुशासन तिहार में राशन कार्ड में जुड़ा ललिता का नाम



**सुकमा , 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार अभियान, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक पारदर्शिता के साथ और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से पहुँचाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिका सुकमा निवासी श्रीमती ललिता बेहरा पति श्री संजय बेहरा के द्वारा राशन कार्ड में नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसे तत्काल सीएमओ श्री पीआर कोर्राम के द्वारा संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया था। पत्रतानुसार आवेदक को बुलाकर राशन कार्ड में नाम जोड़कर नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। सुशासन तिहार में आवेदन करने के पश्चात राशन कार्ड प्राप्त होते ही श्रीमती ललिता के चेहरे पर संतोष और प्रसन्नता साफ झलक रहा था। उन्होंने समाधान मिलते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए शासन की त्वरित कार्यप्रणाली की सराहना की और कहा कि राशन कार्ड में नाम जुड़ने से हमें अब पीडीएस दुकान से अधिक खाद्यान्न मिल सकेगा।उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के अंतर्गत नगरपालिका परिषद सुकमा को राशन कार्ड से संबंधित 35 और पेंशन से संबंधित 13 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें सभी आवेदन पत्रों का निराकरण कर दिया गया है।

### कुंदनपाल और गोलापल्ली पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन

**सुकमा , 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तृतीय चरण प्रारंभ हो गया है जिसमें जिले के सभी विकासखंडो में निर्धारित तिथि में समाधान शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार समाधान शिविर के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय कभी भी किसी भी समाधान शिविर में शिरकत कर सकते हैं। इसके लिए सभी विभागों को पूर्ण तैयारी के साथ समाधान शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। समाधान शिविर 7 मई 2025 को छिंदगढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंदनपाल में आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम पंचायत कुन्दनपाल, कुन्ना, मिचवार, डब्बा, पुसगुन्ना, अधिकारीरास और गोरली के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह 7 मई को ही विकासखण्ड कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायत गोलापल्ली के शिविर में ग्राम पंचायत गोलापल्ली, गंगलेर, पोटकपल्ली, सिंगाराम और मराईगुड़ा (वन) के ग्रामीण शामिल होंगे।समाधान शिविर में सभी विभाग के विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे जो आवेदन के निराकरण सहित शासकीय योजनाओं की जानकारी देंगे। शिविर स्थल में ग्रामीणों के नवीन आवेदन करने की व्यवस्था भी जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही विभिन्न योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

### सुशासन तिहार अंतर्गत प्लेसमेंट कैंप में 21 लोगों का चयन



**सुकमा , 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले में युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में यह कैंप कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केंद्र, सुकमा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया।

इस प्लेसमेंट कैंप में कैपस्टोन फैसेलिटीज प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं हाउसकीपिंग जैसे पदों हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। कुल 34 अभ्यर्थियों ने इस प्रक्रिया में हिस्सा लिया, जिनमें से 21 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।जिला रोजगार अधिकारी श्री एस.के. भारवे ने बताया कि युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की यह श्रृंखला लगातार जारी रहेगी। यह पहल युवाओं के लिए रोजगार का द्वार खोल रही है, और जिले में रोजगार सुलभता की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी साबित हो रही है।

### नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ पीठासीन अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर 7 मई।** 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ पीठासीन अधिकारी का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत श्री जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बीजापुर, श्री विकास सर्वे, अनुविभागीय (रा0) भैरमगढ़, श्री यशवंत नाग अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भोपालपटनम, श्री भूपेन्द्र गावरे अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उसूर, श्री डीआर ध्रुव तहसीलदार बीजापुर, श्री लोकेश ठाकुर तहसीलदार गंगालूर, श्री लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, श्री देवनंद तहसीलदार उसूर, श्रीमती प्रियंका बंजारा तहसीलदार भैरमगढ़, श्री सूर्यकांत धरत तहसीलदार कुटरू तथा खण्डपीठ में संलग्न कर्मचारी श्री कामता प्रसाद नाईक, चन्द्रशेखर नेताम, संतोष झाड़ी, प्रतीक टिंगे, सुरेश जलधर, श्री कृष्णकांत धुर्वा, श्री सूरजभान टेकाम, श्रीमती जागृति टिंगे, श्री राजेश यादव एवं श्री गोविंद कल्लेम को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सुशासन त्योहार से आम लोगों की समस्याओं का होगा समाधान:कावरे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 7 मई।** गरियाबंद विकासखंड के ग्राम मदनपुर में राज्य सरकार के सूशासन तिहार के तहत एक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रायपुर संभाग आयुक्त श्री महादेव कावरे, कलेक्टर श्री बी.एस. उइके, पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ श्री जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत और जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती नीला ठाकुर सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य आम जनता को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। अधिकारियों ने किया स्टालों का निरीक्षण, दी योजनाओं की जानकारी शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनका अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम लोगों को शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी सरल और स्पष्ट तरीके से दी जाए।

#### समाधान शिविर से जनता प्रशासन की दूरी कम होगी

रायपुर संभाग आयुक्त श्री महादेव कावरे ने सूशासन तिहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल आम जनता को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा, ÷यह शिविर जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को कम करने का एक प्रभावी माध्यम है।

#### सूशासन तिहार से लोगों को मिलेगी राहत-उईके

कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित यह सूशासन तिहार आम लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा, ÷इस शिविर के माध्यम से लोगों की कई समस्याओं का तत्काल समाधान संभव है। जरूरत है कि लोग अपनी समस्याएं बेझिझक सामने लाएं। वहीं, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निलीमा ठाकुर ने इसे मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया। उन्होंने कहा आज आपके गांव में जिला प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। लोग अपनी समस्याएं बताएं, ताकि उनका समाधान यहीं हो सके। लोगों को योजनाओं से मिला लाभ शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत लोगों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर÷श्रवण बाधित व्यक्तियों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए।दिव्यांगजनो को ट्राइसाइकिल वितरित की गईं। आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड का वितरण किया गया।ऋण पुस्तिका सहित अन्य योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किए गए।

#### सूशासन तिहार जनता प्रशासन के बीच संवाद का मंच भी

यह शिविर न केवल योजनाओं के लाभ वितरण का माध्यम बना, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच संवाद का भी एक मजबूत मंच साबित हुआ। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे ऐसी पहलों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं को बिना संकोच के सामने लाएं। मदनपुर में आयोजित समाधान शिविर सूशासन और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस पहल ने आम जनता को न केवल योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा है, बल्कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी मंच भी प्रदान कर रहा है।

# निमलगुड़ा में विवाद को प्रशासन ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर निपटाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा , 7 मई ।** 3 मई को जिले के ग्राम निमलगुड़ा में ग्राम की बैठक के दौरान धार्मिक विषयों को लेकर मारपीट व विवाद की सुचना प्राप्त हुई थी जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर देवेश ध्रुव और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के निर्देश में तत्काल एसडीएम कोंटा शबाब खान और एसडीओपी मरईगुड़ा शिखर मरावी मौके पर ग्राम निमलगुड़ा पहुंचे। ग्राम निमलगुड़ा मे पहुंचकर उन्होंने गांव में पंच, सरपंच व जनप्रतिनिधियों के साथ सभी पक्ष व सामाजिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामवासियो के साथ बैठक आयोजित कर गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समझाइश दी। बैठक में दोनों ही पक्षों के विषयो को सुनने के उपरांत बैठक मे सर्वसम्मति से ग्राम में शांति व सौहार्द स्थापना व आपस में मिलजुल कर रहने व सामाजिक परंपराओं का सम्मान करने हेतु सहमति बनी। इसके पश्चात सबकी सहमति से विवाद का निराकरण किया गया। पीड़ितों का चिकित्सकीय मुलाहिजा कराकर पीड़ितों की शिकायत पर थाना किस्टाराम में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त प्रकरण में थाना किस्टाराम द्वारा विधिसम्मत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जारी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इसी क्षेत्र करीगुण्डम मे विगत दिनों धर्मान्तरण के विषय पर इस प्रकार की घटना घटित हुई थी जिसमें प्रशासनिक हस्तक्षेप से मामले का निपटारा किया गया था।

## नक्सलियों ने रस्सी से गला घोट कर ग्रामीण की हत्या कर दी

**सुकमा , 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के तारलागुडा क्षेत्रांतर्गत



में नक्सलियों के द्वारा तारलागुड़ा के उप सरपंच मुचाकी रामा की हत्या की खबर सामने निकल कर आ रही है।आपको बता दें, नक्सलियों ने बैनपल्ली से लगभग शाम 3 बजे के आसपास हत्या को अंजाम देकर फरार हो गए।रस्सी से गला घोट कर नक्सलियों द्वारा उप सरपंच की हत्या कर दी गई है।तारलागुड़ा के आश्रित ग्राम बैनपल्ली का मामला बताई जा रही है पुलिस जाँच में जुटी हुई है।घर से पकड़ कर ग्रामीण वेशभूषा में पहुँचे नक्सलियों द्वारा हत्या की गई है।निर्विरोध उप सरपंच निर्वाचित हुए थे मुचाकी रामा बैनपल्ली गांव के पास नक्सलियों ने निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी गई है।नक्सलियों के द्वारा उप सरपंच का हत्या कर दहशत का माहौल कर दिया है। रामा को नक्सलियों ने हत्या करने से गांव घर में मातम पसरी हुई है।

## समाधान शिविर में मैदानी अमलों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें: कलेक्टर



**बीजापुर , 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार आम जनता के समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने प्रशासन की पहुंच उन तक सुगमतापूर्वक हो इस हेतु समाधान शिविर का आयोजन एक माह तक जारी रहेगा। समाधान शिविर को सर्वप्राथमिकता देते हुऐ शिविर आयोजित स्थल एवं उनके संबंधित गांवो में पदस्थ मैदानी अमलों की उपस्थिति शिविर में शतप्रतिशत हो। इसका विशेष ध्यान रखने सहित समाधान शिविर में अधिक से अधिक आवेदनों का निराकरण कर शिविर के माध्यम से निराकृत प्रकरणों की घोषणा करते हुए आवेदकों को अवगत कराएं। स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच, जनपद, जिला पंचायत के सदस्य, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्षों को आमंत्रित कर हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लाभान्वित कराएं। शिविर में उपस्थित जनसमुदाय के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सभी विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं की समुचित जानकारी ग्रामीणों को देने एवं विभाागीय योजनाओं से लाभान्वित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में समस्त अधिकारियों को दिए। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा सभी शिविरों का स्वयं मॉनिटरिंग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त कोई भी आवेदन लंबित न हो दो दिवस के भीतर आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करते हुए अवगत कराने को कहा।10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उक्त अधिकारियों को लोक अदालत का संचालन करने अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए।09 मई को जिला अस्पताल में नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ (ईएनटी) की उपस्थिति रहेगी जिले में चिन्हांकित नाक, कान, गला रोग के संभावित मरीजों एवं दिव्यांगजनों का परीक्षण शतप्रतिशत कराने सीईओ जनपद पंचायत के माध्यम से चिन्हांकितों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश समस्त सीईओ जनपद पंचायत एवं उप संचालक समाज कल्याण विभाग को दिए। वहीं जिले में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं यूडीआईडी कार्ड वितरण की जानकारी ली।

## संवेदनशील क्षेत्र के ग्राम ताड़ोकी में लगाया गया जिला स्तरीय समाधान शिविर



**कांकेर, 7 मई ।** सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण के दूसरे दिन जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन आज अंतागढ़ ब्लॉक की सुदूर वनांचल के संवेदनशील क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत ताड़ोकी में किया गया, जहां काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति जानी। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत उन्हें राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आधार पंजीयन तथा सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की यही मंशा रहती है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। उन्होंने आगे कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और सजग रहना पड़ेगा।ग्राम ताड़ोकी के विशाल मैदान में आयोजित समाधान शिविर में सांसद श्री नाग ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकारें गांव, गरीब, किसान की प्रगति और खुशहाली के लिए सतत् कार्य कर रही हैं और आने वाले समय में अंतागढ़, ताड़ोकी क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर उपस्थित कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने ग्रामीणों को बताया कि ताड़ोकी- नारायणपुर मार्ग पर बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण हेतु शासन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसी तरह क्षेत्र के सभी पोटा केबिन को स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए सभी मांगों और समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करने की बात कही।ग्राम ताड़ोकी में आयोजित शिविर में 09 लोगों का आधार पंजीयन और अपडेट किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से 03 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। ताड़ोकी क्लस्टर में खाद्य विभाग की ओर से 121 आवेदकों का राशन कार्ड बनाया गया। श्रम विभाग के द्वारा 02 श्रमिकों का पंजीयन कर कार्ड वितरित किया गया।

### राशन कार्ड बनगे, मोर करम खुलगे

**कांकेर, 7 मई ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेश भर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के अंतागढ़ विकासखंड के सुदूर एवं संवेदनशील ग्राम ताड़ोकी में जिला स्तरीय समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में राशन कार्ड बनाने ग्राम सतीघाट कोसरोंडा से श्रीमती अमरबती बाई राशन कार्ड बनाने पहुंची थी। उन्हें तत्काल मौके पर राशन कार्ड बनाकर वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन तिहार में उनकी समस्या का तत्काल समाधान हो गया। इसके लिए श्रीमती अमरबती ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उनके साथ आईं उनकी माता श्रीमती फूलोबाई ने गद्गद होकर कहा- ÷राशन कार्ड बनगे, मोर करम खुलगे. इस प्रकार समाधान शिविरों में आमजनता और ग्रामीणों की समस्याओं का फौरी तौर पर समाधान हो रहा है।

### समाधान शिविर में अर्जुन को मिला आधार कार्ड

**कांकेर, 7 मई ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाकर आम जनता की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत गोण्डाहूर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा न्याय:हुंगाराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा , 7 मई ।** हुंगाराम मरकाम तेन्दुपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरण पर संग्राहकों को मिलेगा न्याय, सुकमा जिला में तेन्दुपत्ता संग्राहकों के राशि वितरण में हुए घोटाले और कार्रवाई को लेकर जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम ने साय सरकार व मंत्री केदार कश्यप का आभार व्यक्त किया है। श्री मरकाम ने बयान देते हुए बताया कि कांग्रेस शासन व सुकमा जिले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा के मंत्रीत्वकाल में किये गए घोटालों पर नकेल कसने कार्रवाई करने का काम साय सरकार में हो रहा है। उन्होंने बताया कि सुकमा जिला में तेन्दुपत्ता संग्राहकों को दो साल की बोनस राशि में प्रबंधकों ने केवल एक साल का ही भुगतान किया। वो भी आधा-अधूरा। वनमंडल सुकमा के कोंटा, किस्टाराम और गोलापल्ली वन परिक्षेत्र में कई फर्जी संग्राहकों के नाम पर भुगतान दर्शाया गया। भाजपा सरकार द्वारा जांच कराये जाने पर जांच के दौरान मामला उजागर हुआ। कई ऐसे संग्राहकों को भी राशि दी गई है, जिनकी मौत सालों पहले हो चुकी है। जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम ने बताया कि सुकमा वनमंडल के तहत तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2021 में 15 समिति और वर्ष 2022 में 10 समितियों में कुल 65471902 रुपए की राशि बोनस के रूप में मिली थी। इसे सुकमा वनमंडल के करीब 66



हजार संग्राहकों को भुगतान किया जाना था। इस राशि को बीते अप्रैल में ही समिति प्रबंधकों ने आहरण कर लिया और 8 महीने तक इसका भुगतान संग्राहकों को नहीं किया। नक्सलवाद और संवेदनशीलता का हवाला देकर अफसरों ने 36278881 की राशि का वितरण नगद करने विशेष अनुमति ली। मंत्री केदार कश्यप का जताया आभार श्री मरकाम ने कहा कि आदिवासियों के लिये तेंदुपत्ता हरा सोना है. उनके आर्थिक सुधार का महत्वपूर्ण कड़ी है। मामले को लेकर उन्होंने वनमंत्री केदार कश्यप जी से चर्चा की और घोटाले के संबध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिला यूनियन सुकमा के अंतर्गत कुछ प्राथमिक लघुवनोपज समितियों द्वारा कुछ संग्राहकों को नगद वितरण किया जा चुका है एवं 11 समितियों में कुछ संग्राहकों को वितरण नहीं किया गया है, इसके कारण वनमण्डलाधिकारी को सरकार द्वारा निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण में एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा जांच किया जा रहा है, जिसमें वनमंडलाधिकारी सुकमा पर आपराधिक मामले दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी की गई । जिपं सदस्य हुंगाराम मरकाम ने कहा कि सुकमा जिला भाजपा संगठन की मांग पर जिन 11 समितियों में नगद प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण नहीं किया गया है उन समस्त 11 समितियों के प्रबंधकों को कार्य से पृथक कर दिया गया है, उन 11 समितियों के संचालक मंडल को भंग कर दिया गया है। समितियों के नोडल अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है । इस कार्रवाई के लिये उन्होंने मंत्री केदार कश्यप जी का आभार जताया उन्होंने वनमंत्री से निवेदन किया है कि 11 समितियों के कितने संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक की राशि प्राप्त नहीं हुई है, उसका छानबीन परीक्षण किया जाये और स्थिति स्पष्ट होने के उपरांत उचित कार्रवाई करें। बाक्स.....

घडियाली आंसु बहाना बंद करें विपक्ष जिपं सदस्य हुंगाराम मरकाम ने कहा कि 2018 से 2023 तक लुट घसोट करने वाली कांग्रेस के नुमाईंदे अब दिखावे की राजनीति कर रहे है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत द्वारा तेंदूपत्ता मामले को लेकर जिस तरह से आरोप प्रत्योरोप कर रहे है क्या वे कवासी लखमा के द्वारा किये गये करोड़ो के घोटाले पर भी कुठ शब्द बोलेंगे। 2200 करोड़ के शराब घोटाले को लेकर ईडी की कार्यवाही के बाद कवासी लखमा पर कांग्रेस संगठन के द्वारा अब तक निष्कासन की कार्यवाही न करना कई तरह के सवालों को जन्म देते है।

# एक देश-एक चुनाव चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाएगा और समय,धन व संसाधन की बचत होगी:विनायक गोयल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 7 मई।** आज लोहण्डीगुड़ा मण्डल के ग्राम पंचायत लोहण्डीगुड़ा (बाजार स्थल) में वन नेशन, वन इलेक्शन (एक देश, एक चुनाव) विषय पर एक महत्वपूर्ण विधानसभा स्तरीय जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक मजबूत, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल जी ने अपने संबोधन में कहा कि ÷प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 'एक देश, एक चुनाव' का विचार न केवल चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाएगा, बल्कि इससे समय, धन और संसाधनों की बचत भी होगी। यह लोकतंत्र को और अधिक प्रभावी, मजबूत और संगठित बनाएगा। मोदी जी की सरकार सदैव 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना से काम कर रही है, और यह पहल उसी दिशा में एक निर्णायक कदम है।÷कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को ÷वन नेशन, वन इलेक्शन÷ की संकल्पना से अवगत कराना और इससे जुड़े लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देना था।बस्तर सांसद महेश कश्यप जी ने बताया कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास कार्यों में रुकावट आती है। एक साथ चुनाव कराने से न केवल नीति-निर्माण में निरंतरता आएगी, बल्कि प्रशासनिक मशीनरी का अधिकतम उपयोग भी सुनिश्चित होगा।कार्यक्रम के अंत में सभी ने ÷एक देश, एक चुनाव÷ के समर्थन में एकमत होकर सरकार की इस पहल को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम में इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप जी, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल जी, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय जी, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप जी, बैदूराम कश्यप जी, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय जी, जिला मंत्री नरसिंह राव जी, बाबुल नाग जी, रजनीश पानीग्राही, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी जी, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप जी, कामदेव बघेल, सुश्री पदमनी कश्यप जी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पदमनी कश्यप, श्रीमती रामबती भण्डारी, श्रीमती महावती मंडावी, श्रीमती मानकदेई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप जी, जनपद सदस्य श्रीमती शांति नाग, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप जी, सोमारू राम कश्यप जी, देवी प्रसाद वेंजाम जी, सुनील कुहरामी जी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर जी, नारायण ठाकुर जी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल जी, बुधराम बघेल, गुनु ठाकुर, तुलसी ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, लच्छिन पोयामी, विकेश रंगारी, नरेश कापडे, चन्द्रकान्त भण्डारी, शिवनंदन पेगड़, सावेन्द्र सेठिया, शिव सूर्यवंशी, श्रीमती रंजीत जोशी, शांति नाग, बुटीक बाई, डोमु, तुलाराम सेट्टी, एवं जनपद सदस्यगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विक्रम मंडावी टीम सहित पहुंचे कुचनूर कोरंडम खदान में खनन कार्य किया



**भोपालपट्टनम,7 मई।** भोपालपट्टनम ब्लॉक के ग्राम कुचनुर पहुँचकर बीजापुर विधायक एवं पूर्व आदिवासी बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी जी व सहित कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं नें कोरंडम खदान में हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। भजापा सरकार लगातार बस्तर के प्राकतिक संसाधनो को लूटने का काम कर रही है ।पहले बैलाडीला के 2 खादानों को बेचा और अब बीजापुर के कोरंडम खदान को ।एक ओर वन अभ्यारण्य क्षेत्रों में नियमो का हवाला देकर गरीब ग्रामीणों को तेंदूपत्ता तोड़ने से मना किया जा रहा है। तो वही दूसरी और नियमों द्वद्व दाज्जियाँ उड़ाते हुए अभ्यारण्य क्षेत्रों में कोरंडम खादन को चालू करने का काम किया जा रहा है ।

# पीएम श्री स्कूल में समर कैंप का आयोजन 15 तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल / सोनाखान, 7 मई।** पीएम श्री स्कूल में समर कैम्प का आयोजन नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल में दिनांक 07/05/2025 से 15/05/2025 तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के बच्चों को विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों को सिखाया जा रहा है। साथ ही योग प्राणायाम भी सिखाया जा रहा है । आपको बता दें कि पीएमश्री स्कूल में प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन छुट्टी में बच्चो के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार की योग प्राणायाम और कलाकौशल चित्रकला, खेलकूद की जानकारी प्रदान किया जाता है। इस संबंध में पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि हमारे विद्यालय में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है इस बार प्रशिक्षित शिक्षक संगीत, व्यवसायिक, क्राफ्ट ड्राइंग, ब्यूटी पार्लर, आदि नियुक्त किए गए हैं जिनके माध्यम से बच्चो में मनोरंजन के साथ साथ भविष्य में व्यवसाय से संबंधित



कौशल प्राप्त होगा व साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उसे छुट्टी के दिनों में भी विभिन्न प्रकार के खेल, योग और कलात्मक जानकारी भी प्रदान किया जाता है। शिक्षा के साथ साथ उन्हें सभी प्रकार की अन्य ज्ञानवर्धक जानकारी भी प्रदान किया जाता है। इस वर्ष बच्चो को स्कूल ऑडिटोरियम में निःशुल्क शीतल पेय जिसमें गन्ने का रस,फ्रूटी,रसना आदि के साथ ब्रेकफास्ट भी दी जाएगी। अलग अलग विषयों जैसे खेलकूद, योग, व्यायाम , चित्रकला, आर्टक्राफ्ट , स्पोकन इंगलिश, फूड कुकिंग, गुड टच और बेड टच, गार्डनिंग, की जानकारी प्रदान किया जा रहा है। समर कैंप के अंत में अधिकाधिक उपस्थिति व उत्कृष्ट प्रदर्शन छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया जाएगा ,अतः सभी विद्यालय व आसपास के बच्चों के अभिभावकों से आग्रह है आप सभी अपने बच्चों को विद्यालय समय में समर कैम्प जरूर भेजे।

**प्रवेश पात्रता का चयन आज लॉटरी से विद्यालय सभा कक्ष में किया जाएगा**

पी एम श्री सेजेस गुरु घासीदास हायर सेकेंडरी में प्रवेश प्रकिया लॉटरी से दिनांक 10 मई सुबह 9 बजे से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी , थाना प्रभारी कसडोल, व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदगण, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पालकगण,आम नागरिकगण एवं मीडिया अध्यक्ष एवं सदस्य की उपस्थिति में विद्यालय सभाकक्ष में सम्पन्न होगा। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत कल दिनांक 7 मई को लॉटरी के लिए पात्र अपात्र की सूची ऑनलाइन आवेदन के अनुसार चस्पा की जाएगी।

## तिल्दा नेवरा में रक्तदान शिविर सरकारी अस्पताल में 8 मई को



**तिल्दा नेवरा, 7 मई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में स्थित रेड क्रॉस सभा कक्ष में, रेड क्रॉस के नव नियुक्त पदाधिकारी की बैठक चेयरमैन श्री राजू शर्मा जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में कार्यकम आयोजित करने के संबंध में निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन डॉक्टर प्रीति नारायण, कोषाध्यक्ष श्रीमती पल्लवी पाण्डेय, एवं प्रबंध समिति के सदस्य डॉक्टर सत्यनारायण पाण्डेय,डॉक्टर श्वेता सोनवानी, स्वतंत्र राहंगडाले, राजू लाल नवरंगे गजेन्द्र डोंगरे,उपस्थित रहें। रक्त दान दिवस के लिए स्वास्थ्य विभाग और रेड क्रॉस सोसाइटी सभी आम जनता, जन प्रतिनिधि एवं संस्थाओं से अपील करती हैं कि अधिक से अधिक संख्या में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में 8 मई को उपस्थित हो कर ब्लड डोनेशन कर के कैंप को सफल बनाए।

## एक नजर

### ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के लिए भारतीय सेना ओर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई: टंकराम



**तिल्दा नेवरा, 7 मई।** आज का दिन भारत के सैन्य इतिहास में एक गर्व का पल बन गया, जब ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग दो महिला सैन्य अधिकारियों ने की। ये सिर्फ एक प्रेस ब्रीफिंग नहीं थी – ये उस बदलाव की गूंज थी जिसे अब कोई रोक नहीं सकता। उन दो अधिकारियों की आवाज़ में आत्मविश्वास था, आंखों में सेवा का संकल्प, और वर्दी में वो गरिमा जिसे शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। आज उन्होंने साफ कर दिया कि भारत की बेटियाँ अब सिर्फ प्रेरणा नहीं, निर्णायक भी हैं। उक्त बात छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा के दौरान कही है। ऑपरेशन सिंदूर - जो राहत, साहस और समर्पण की मिसाल है आज और भी खास बन गया। उनकी मौजूदगी ने हमें ये यकीन दिलाया कि हमारा देश सुरक्षित हाथों में है। श्री वर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पाकिस्तान में आतंकी जो बचे हुए है वे डर से भयभीत है। हमारी देश की केंद्र सरकार ने जो फैसला लिया वह स्वागत्य है भारत की सेना को जय हिंद।

### पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन 15 मई तक आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 7 मई।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार अमित गुप्ता द्वारा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के कंडिका 9(4) के प्रावधानो के तहत ग्राम पंचायत परसाभदेर (ख), ढनढनी, पहंदा, कोकड़ी, रिसदा एवं पनगांव में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन 15 मई 2025 तक आमंत्रित किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, अन्य समितियॉं एवं वन सुरक्षा समिति अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार में 15 मई 2025 तक कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त आवेदन अथवा अपूर्ण आवेदन एवं दस्तावेज रहित आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा।

### 8 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन नगर भवन में

**बलौदाबाजार, 7 मई।** 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में नगर भवन बलौदाबाजार में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में दान दाताओं द्वारा रक्तदान किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान जैसे नेक कार्य मे अपना सहयोग करें जिससे जरूरतमंद के लिए रक्त की उपलब्धता बनी रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 10.30 बजे से शाम 4.00 बजे तक किया जाना है शिविर में पुरुष अथवा महिला जिनकी आयु 18 से 65 वर्ष के बीच है तथा जिनका वजन 45 किलो या इससे अधिक हो साथ ही हिमोग्लोबिन कम से कम 12.5 ग्राम प्रति 100 मिली हो वह रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान के संबंध में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान एक बड़ी समाज सेवा भी है। एक पुरुष अथवा महिला के रक्तदान करने पर चार मरीजों की जान बचाई जा सकती है। वर्ष में कोई स्वस्थ व्यक्ति चार बार रक्तदान कर सकता है। हमारे शरीर में लगभग 5 लीटर रक्त होता है तथा एक समय में मात्र 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। रक्तदान करने से कोई भी शारीरिक कमजोरी नहीं आती बल्कि हमारा शरीर पुनः रक्त बना लेता है।

### विचारपुर नवागांव समाधान शिविर में हुआ आवेदनों का निराकरण

**राजनांदगांव 07 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम विचारपुर नवागांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे समाधान शिविर में शामिल हुए। ग्राम नवागांव, टप्पा, तेंदूनाला, तिलईरवार, सांगिरकछार, खम्हेरा, कोहका, ओड़ारबांधा, ढाबा से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संयुक्त रूप से समाधान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर एवं जनप्रनिधियों ने शिविर का अवलोकन किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 ग्राम पंचायत हुए सम्मानित

# ग्राम पंचायतों की पानी, निस्तारी समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान:कलेक्टर

■ कलेक्टर ने की आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

**बलौदाबाजार, 7 मई।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण एवं समाधान शिविर आयोजन की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायतों पेयजल, निस्तारी सहित अन्य समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होंने 50 ग्राम पंचायतों से ऑनलाइन जुड़े सरपंच एवं सचिव से चर्चा की और पंचायतो के विकास एवं समस्या निराकरण हेतु जरुरी निर्देश दिये। कलेक्टर ने आगामी दिनों में समाधान शिविर आयोजित होने वाले ग्राम पंचायतों के सरपंच,पंच सचिव व रोजगार सहायक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुए पंचायत के विकास कार्यों एवं समस्याओ की जानकारी ली। उन्होंने




समाधान शिविर में मुख्य ग्राम पंचायत सहित क्लस्टर अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच को शिविर में उपस्थित रहने कहा। उन्होंने मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत नलकूपो के पास सोखता गड्ढा का निर्माण तेजी से कराने तथा पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने कहा। कलेक्टर ने समाधान शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का यथासम्भव मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही सामाधान शिविरों में 3 -4 हेल्पडेस्क की व्यवस्था के भी निर्देश दिये ताकि ग्रामीणों को जानकारी तत्काल मिल सके। उन्होंने शिविर स्थल में सुशासन मित्र के माध्यम से ग्रामीणों का सहयोग सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत सम्मानित - इस दौरान मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत सोखता गड्ढा निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग, तालाब सफाई, रैली, शपथ, दीवाल लेखन आदि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 पंचायतों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ गणवीर धम्मशील एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने सम्बंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं जल संचयन वाहिनी को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया। सम्मानित होने वाले पंचायतों में विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत लिमाही, भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ेलिया एवं रामपुर, कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत नरधा, पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा एवं सिमगा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत संकरी शामिल है। बैठक में नव पदस्थ डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीएम, जनपद सी ई ओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय वि.वि. मे समर कैम्प का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 7 मई।** समर कैंप के तीसरे दिन रामेश्वरी दीदी ने मेडिटेशन का महत्व बच्चों को बताया और कहा की मन और बुद्धि से परमात्मा से जुड़ना ही याद और ध्यान है। इससे हमारे अंदर ज्ञान , सुख, पवित्रता, प्रेम,शांति,आनंद,शक्ति सद्गुणों का विकास होता है। परमात्मा से सर्व संबंधों का अनुभव भी भी किया जा सकता है। बच्चों को मेडिटेशन वीडियो के माध्यम से दिखाया गया। राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने पवित्रता का जीवन में महत्व बताते हुए कहा कि हमारी स्थूल कर्मेंद्रिय भी किसी भी इंप्यूर चीज को एक्सेप्ट नहीं करती हैं जैसे ही आंखों में कचरा, कान में मैल, दांत में कुछ फस जाता है तो जब तक उस इंप्यूर चीज को ना निकले तो हमें चैन नहीं आता। इसी प्रकार यदि मन में बुद्धि में किसी बात को पकड़ा है चाहे पास्ट, चाहे फ्यूचर की, जो बातें हमें डिस्टर्ब करती हैं तब तक हमारा मन एवं बुद्धि शक्तिशाली नहीं बन सकती, स्मरण शक्ति, एकाग्रता में भी कमी आने लगती है मन कमजोर होने लगता है। जीवन में हमें कई बातों को लेट गौ करना होगा। तभी हम अपनी सभी शक्तियों का सदुपयोग कर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं कई प्रैक्टिकल उदाहरण के माध्यम से इसे स्पष्ट किया गया। बच्चों के लिए उत्साहवर्धक प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें सभी ने बहुत ही खुशी पूर्वक भाग लिया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजिम**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भः-** जिला गरियाबंद तहसील- राजिम प.ह.न.-00035 कौंदकेरा ग्राम के नामांतरण पजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425510206100021

**ईश्तहार**

तहसील राजिम के प.ह.न. 00035 के अंतर्गत ग्राम कौंदकेरा के वर्तमान भूमिस्वामी शिप्रा व अनिष कुमार नाबालिक तुषार, शेया पिता/पति-अनीष कुमार पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 2092 (0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता तुषार टीकेदार पिता/पति-अनीष टीकेदार पता शिप्रा टीकेदार पिता/पति-अनीष टीकेदार पता-शेया पिता/पति-अनीष टीकेदार पता के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार राजिम पर की जायेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार राजिम**

## समाधान शिविर में किसान को मिला सम्मान निधि पत्र व किसान क्रेडिट कार्ड

**बलौदाबाजार भाटापारा, 07 मई।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत पलारी विकासखंड के ग्राम कुसमी में आयोजित लोक समाधान शिविर में ग्राम कुसमी निवासी किसान दीनदयाल घृतलहरे को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 18 किश्त की 36 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से बैक खाते में अंतरित राशि का प्रमाण पत्र तथा किसान क्रेडिट कार्ड (चष्ष्ट) प्रदान किया गया। शासन की इस पहल से लाभान्वित होकर श्री घृतलहरे ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि को वह अपने आने वाले किसानी के दिनों में कृषि कार्य के विस्तार में उपयोग करेंगे। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड उन्हें कृषि कार्यों के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि सुशासन समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पात्र हितग्राहियों को त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। इस शिविर में राजस्व, कृषि, पंचायत, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर समाधान किया। श्री दीनदयाल घृतलहरे ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड मिलने से अब उन्हें बीज, खाद, कीटनाशक आदि की खरीदी के लिए निजी ऋणदाताओं पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने सरकार की इस किसान हितैषी पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।




## दिव्यांगजनों को मिली व्हीलचेयर अब रोज के काम में होगी सुविधा

**बलौदाबाजार भाटापारा, 07 मई।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड सिमगा के ग्राम चण्डी निवासी श्री रमेश निषाद एवं ग्राम सोनबरसा निवासी श्री फूलचंद बंजारे के द्वारा व्हीलचेयर की मांग को लेकर किए गए आवेदनों का समाधान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दोनों दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान की गई जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या में सुविधा मिलेगी। उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम ने बताया कि यह प्रयास सुशासन तिहार के उद्देश्यों के अनुरूप है जिसमें पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित किया जाता है।समाज कल्याण विभाग द्वारा ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे, जिससे जिले के अधिक से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हो सकें। व्हीलचेयर प्राप्त करने के बाद दोनों हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके जीवन में एक नया उत्साह लेकर आया है। इससे उन्हें न केवल चलने-फिरने में सुविधा होगी, बल्कि वे अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों में भी अधिक सक्रियता से भाग ले सकेंगे।



## विकास के नाम पर प्रकृति के साथ खिलवाड़ चिंताजनक

■ कंपनी की जनसुनवाई के दिन करेंगे सामूहिक आत्मदाह: पीड़ित किसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 7 मई।** खरोरा समीप ग्राम पचरी, छड़ियां, मंधईपुर, आलेसुर में विकास के नाम पर प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। नलवा सीमेंट द्वारा मंधईपुर में प्रस्तावित लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट के कारण स्थानीय पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना है। इस परियोजना के चलते गांव का वातावरण प्रदूषित होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य में कमी आएगी, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। ऐसे विकास कार्यों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। लगातार भूजल स्तर में गिरावट आ रही है और साथ ही पानी की गुणवत्ता भी बिगड़ रही है। इसके चलते ग्रामीणों को साफ और सुरक्षित पेयजल प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई से न केवल जैव विविधता को नुकसान होगा, बल्कि यह क्षेत्र की पारिस्थितिकी को भी गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। इस परियोजना के आसपास प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित एकल सड़क है, जो खराब स्थिति में जाने की प्रबल संभावना है। खदान की गाड़ियां लगातार इस सड़क पर सरपट दौड़ेगी। इसके कारण सड़क खराब होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसका प्रभाव ग्रामीणों के दैनिक जीवन में सीधा पड़ेगा। ग्रामीणों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। यह आवश्यक है कि स्थानीय समुदाय की आवाज को सुना जाए और उनके हितों की रक्षा की जाए। उल्लेखनीय है कि इस प्रोजेक्ट के कारण ग्रामीणों में चिंता की लहर व्याप्त है। लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट के संभावित प्रभावों को लेकर गांव के निवासियों में एक निरंतर भय और असुरक्षा की भावना बनी हुई है, क्योंकि उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि उनके प्रिय गांव का वातावरण गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों की कमी, और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में सोचते हुए, ग्रामीणों का मन अशांत है और वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।ॉ



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)**

Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID- eejag-phe-cg@nic.in

निविदा क्रमांक/08/वलेलि/का.अ./लो.स्वा.यॉ.वि.खण्ड/2025 जगदलपुर, दिनांक 25.04.2025

**''मैनुअल पद्धति निविदा सूचना''**

जिला बस्तर अंतर्गत् विकासखण्ड तोकापाल के ग्राम पंचायत गुमियापाल अंतर्गत ग्राम टाहकापाल एवं ग्राम पंचायत कोण्डालुर अंतर्गत ग्राम कोण्डालुर में आयरन रिमुव्हल प्रेशर सेण्ड फिल्टर आर.ओ. प्लांट की स्थापना कार्य हेतु समूहवार मुहरबंद निविदाएँ दिनांक 15.05.2025 तक 02 समूहों में आमंत्रित की जाती है। निविदा की लागत रू. 16.64 लाख है। समूहवार क्रमशः पृथक-पृथक अमानत राशि 6240.00 रूपये, एवं प्रति निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00 है।

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 15.05.2025 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाएँ केवल स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक / रजिस्ट्री पोस्ट आफिस के माध्यम से ही स्वीकार्य किये जायेगें।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**जगदलपुर**

G-252600669/3

## शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 6 स्थानों पर समाधान शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 मई।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत 7 मई 2025 को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 6 स्थानों पर लोक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।समाधान शिविर प्रातः 10-30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक आयोजित होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 मई 2025 को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहरौद में आयोजित होने वाले शिविर में क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बगबुड़ा, धाराशिव, हरदी, कारी, खैंदा(खैरा), कोहरौद, कुम्हारी, तुरमा, बम्हनपुरी, खैरा, चितावर एवं भालूकोना के निवासी शामिल होंगे। इसीतरह विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटमी शिविर में ग्राम पंचायत कड़ार, लेवई, परसवानी अ, मधुबन, जरहागांव, अकोली, अमलीडीह और कोटमी के ग्रामवासी शामिल होंगे। विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीकला शिविर में ग्राम पंचायत चरौदा (क),छरछेद, दर्रा, देवरीकला, कोट(क), मोहतरा(क), पीसीद, सिनोधा, मुड़ियाडीह और छांछी के निवासी शामिल होंगे। विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत दतान (प) शिविर में ग्राम पंचायत औरासी, चुचरूंगपुर, दतान(प), घिरघोल, गितकेरा, गुमा, सैहा, सरसेनी, बेल्हा और गातापार के निवासी शामिल होंगे। विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसांकरा शिविर में ग्राम पंचायत चकरवाय, चेंदेरी, चौरेंगा, दामाखेड़ा किरवई, तुलसी, तोरा, धोबनी और बनसांकरा के निवासी शामिल होंगे। इसीतरह नगर पंचायत लवन में गुरूघासीदास सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्रमांक-04 में रविदास वार्ड-1, पं.दिनदयाल उपाध्याय वार्ड-2, गुरूघासीदास वार्ड-3, बाजार वार्ड-4 और सदर वार्ड-5 के निवासी शामिल होंगे। समाधान शिविर में सभी विभाग के विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे जो आवेदन के निराकरण सहित योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही विभिन्न योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)**

Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID- cejag-phe-cg@nic.in

क्रमांक/23/व.ले.लि./ का.अ./ लो.स्वा. यॉ.वि.ख/2025 जगदलपुर, दि.- 03/12/2024

**'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा निरस्तीकरण-सूचना'**

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3763/ज.जी.मि. / व.ले.लि./ दिनांक 03.12.2024 के द्वारा वाहन किराये पर लेने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / अन्य से प्रपत्र "ब" में प्रथम आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की गई थी। नियमानुसार प्रथम निविदा आमंत्रण में एकल निविदा होने के कारण उक्त निविदा को निरस्त किया जाकर पुनः निविदा आमंत्रण किया जाना है।

| निविदा सूचना क्रमांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | विकासखण्ड/कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) | जी-नंबर |
|---|---|---|---|---|---|
| 23/03-12-2024 | 162394 | बस्तर/05/महिन्द्रा स्कार्पियो निरीक्षण वाहन | 39.00 | 100000/- | 242504346 |

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**जगदलपुर (छ.ग.)**

G-252600682/4

## एक नजर

### ऑपरेशन सिन्दूर हर भारतवासी के आत्मसम्मान की गर्जना है



**रायपुर, 7 मई।** ऑपरेशन सिंदूर ये सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, ये हर भारतवासी के आत्मसम्मान की गर्जना थी। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने ऑपरेशन सिन्दूर का स्वागत करते हुए कहा कि दुश्मन ने हमारे वीरों को ललकारा, और जवाब ऐसा मिला कि अब वो चुप हैं और दुनिया सन्न। हमारी सेना का साहस, रणनीति और समय पर लिया गया फैसला, हर देशवासी को गर्व से भर देता है। भारत अब सहता नहीं, सीधा जवाब देता है ।

### नागेन्द्र की नियुक्ति

**रायपुर, 7 मई।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आर टी आई जागरूकता संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेश कुमार भाटी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष शरद चोपकर की अनुशंसा पर नागेन्द्र तिवारी को राष्ट्रीय मानवधिकार एवं आर टी आई जागरूकता संगठन के बैनर तले छत्तीसगढ़ में मुख्य कार्यकारिणी प्रकोष्ठ पर नियुक्ति दी गई है। शरद चोपकर तारा गुरूजी, खिलावन साहू, कु. पूर्णिमा साहू, प्रमोद ठाकुर, गायक डेविड निराला, सुरेश ठाकुर संजय शर्मा, रोशन जंघेल, गिरधर, रामाभगत ने बधाई दी है।



### पावर-पैक ग्रैंड फिनाले का समापन

**रायपुर, 7 मई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने 2 मई, 2025 को नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में न्युवोको ड्यूरागार्ड सीमेंट द्वारा प्रस्तुत 'सबसे खास पहलवान' कुश्ती चैंपियनशिप के ग्रैंड फिनाले का समापन किया। यह प्रतिष्ठित कुश्ती चैंपियनशिप हरियाणा भर में उभरती प्रतिभाओं की खोज और उनका जश्न मनाने के लिए आयोजित की गई थी। यह न्युवोको ड्यूरागार्ड सीमेंट की ताकत, मज़बूती और एक्सीलेंस के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ये ऐसे मूल्य जो न्युवोको के प्रीमियम उत्पादों और कुश्ती के दमदार खेल, जो हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान का एक अभिन्न अंग है, दोनों के साथ सहजता से मेल खाते हैं।

### बेमौसम बारिश से हुई क्षति का मुआवजा दे सरकार: कांग्रेस

**रायपुर 07 मई।** बेमौसम बारिश आंधी तूफान से हुई क्षति की मुआवजा की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि बेमौसम बारिश आंधी तूफान के कारण सब्जी भाजी, बागवानी करने वाले किसानों की फसल खराब हुई है लोगों के मकान दुकान टूटे हैं। जान माल की क्षति हुई है, लोग घर से बेघर हो गए हैं। सरकार को बेमौसम बारिश से हुए नुकसान की सर्वे करा कर तत्काल मुआवजा राशि पीड़ित पक्ष को देना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि दुर्भाग्य की बात क्षतिपूर्ति की मुआवजा देने सरकार अब तक इस दिशा में कोई कार्य शुरू नहीं की है जिला प्रशासन भी स्थानीय स्तर पर बेमौसम हुई बारिश के नुकसान का आकलन करने के लिए कोई टीम नहीं भेजी है। जनता परेशान है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है बेमौसम बारिश और आंधी तूफान से हुई क्षति की मुआवजा देने तत्काल कदम उठाये।



### फार्म हाउस से 9 नग हुक्का पाट्‌र्स जब्त

**रायपुर, 07 मई।** तेलीबांधा पुलिस ने फुण्डहर स्थित आदित्य फार्म हाउस में दबिश देकर हुक्का पिलाते संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 9 नग हुक्का पार्ट्स जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम फुण्डहर स्थित आदित्य फार्म हाउस में दबिश देकर अवैध हुक्का पिलाते फार्म हाउस के संचालक विकाश सिंह 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 9 नग हुक्का पार्ट्स जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### घर से दो नग सोने की चेन पार

**रायपुर, 07 मई।** किशोर होटल के पास स्थित मकान से अज्ञात चोर ने 2 नग सोने का चैन पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अर्चना तिवारी 55 वर्ष किशोर होटल के पास सुंदरनगर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया अज्ञात चोर ने उसके घर में प्रवेश कर बिस्तर पर रखे 2 नग सोने के चैन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# सीएम साय ने एक्स पर लिखा- हर हर महादेव

■ दीपक बैज ने कहा- आतंक के खिलाफ यह मुंहतोड़ जवाब



**रायपुर, 7 मई।** आपरेशन सिंदूर के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री से लेकर कई नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हर हर महादेव, वंदे मातरम् उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो जारी करते हुए लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर चुन चुन कर बदला लिया जाएगा

छत्तीसगढ़ भाजपा के दिग्गज नेता और मंत्री राम विचार नेताम ने ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर कहा कि आतंकियों ने न जाने कितनी बहनों के सिंदूर उजाड़े, और पूरे देश का खून बदले के लिए खौल रहा था। आज जब सेना ने जवाब दिया है तो देशवासियों को सुकून और ठंडकता का अनुभव हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया गया। आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इंडियन आर्मी ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंक के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब दिया है। पूरा देश भारत के वीर जवानों के साथ खड़ा है।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भारत बदला लेना जानता है। उन्होंने कहा, जिन बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, जिन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, उनका बदला ले लिया गया है। भारत माता की जय! जय भारत की सेना! पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी एक्स पर पोस्ट साझा कर भारतीय सेना के रुख का समर्थन किया। उन्होंने लिखा, भारत ने पाकिस्तान और पीओके से आने वाले आतंकवाद के खिलाफ अडिग और निर्णायक रुख अपनाया है।

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने ऑपरेशन कारगर को लेकर कहा कि भारत किसी से कम नहीं है।

## कांग्रेस के छग प्रभारी पायलट 8 को संविधान बचाओ रैली में लेंगे भाग

**रायपुर, 07 मई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त छग प्रभारी सांसद सचिन पायलट 8 मई को बिलासपुर में आयोजित संविधान बचाओ रैली में भाग लेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा के अनुसार प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने तथा सक्रिय बनाने के लिए छग प्रभारी सचिव पायलट आ रहे हैं। प्रवक्ता के अनुसार वे 8 मई को बिलासपुर में आयोजित संविधान बचाओ रैली में भाग लेंगे। कांग्रेस कमेटी द्वारा शीघ्र ही संगठन को सक्रिय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तहत कई जिलों में अध्यक्ष बनाए गये हैं। अब अन्य जिलों के भी अध्यक्ष बदले जाएंगे। पिछले कांग्रेस सरकार की छबि गिर गई थी। अब नये सिरे से संगठन को खड़ा करने का प्रयास किया जाएगा।

बिलासपुर में आयोजित रैली में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित विधायक अटल श्रीवास्तव एवं अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। सचिन पायलट कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के रूप में जाने जाते हैं। वे राहुल गांधी काफी करीबी है उनके पिता राजेश पायलट राजीव गांधी के नजदीकी थे। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान वे विधायकों एवं संगठन प्रभारियों को टिप्स देंगे।

### गांजा तस्करी करते एक्टिवा सवार चार युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 07 मई।** कोतवाली पुलिस ने कालीबाड़ी गुरूकुल कॉम्पलेक्स के पास दबिश देकर गांजा परिवहन करते एक्टिवा सवार चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 किलो 30 ग्राम गांजा जब्त किया है।

## योजनाएं जमीन पर दिखें, नहीं तो बोरिया-बिस्तर बांधने की तैयारी करें



■ लक्ष्मी रजवाड़े की अधिकारियों को चेतावनी

**रायपुर, 7 मई।** छत्तीसगढ़ में साय सरकार लोगों की समस्याएं दूर करने सुशासन तिहार मना रही. सीएम साय स्वयं लोगों के बीच जाकर योजनाओं का फीडबैक ले रहे. इसी बीच महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अधिकारियों को साफ चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं जनता तक नहीं पहुंची तो जिम्मेदार अफसर अपना बोरिया बिस्तर बांध लें.

दरअसल मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गांव चलो अभियान के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंच रही हैं. मंत्री राजवाड़े ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोगों के प्रति संवेदनशील हैं. सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए अधिकारी-कर्मचारी काम करें. लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला तो अधिकारी अपना बोरिया बिस्तर बांधकर तैयार रहे.

# मुख्य चुनाव पदाधिकारी यशवंत कुमार ने संभाला पदभार

**रायपुर, 07 मई।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी यशवंत कुमार को छत्तीसगढ़ का नया मुख्य चुनाव पदाधिकारी नियुक्त करने के बाद उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। आयोग को विधानसभा और लोकसभा चुनाव कराने के प्रमुख जिम्मेदारी है। राज्य शासन ने मुख्य चुनाव पदाधिकारी का चयन करने के लिए एक पैनल बनाकर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली भेजा था जिसमें यशवंत कुमार शिखा राजपूत तिवारी का नाम शामिल था। भारत आयोग ने यशवंत कुमार का चयन किया। राज्य शासन द्वारा आदेश जारी करने के बाद उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। आयोग के अधिकारी ने उनका आयोग के जिम्मेवारी विस चुनाव और लोस चुनाव करोन की है। इस समय मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम चल रहा है। आयोग के ऊपर चुनाव की निष्पक्षता को लेकर कई सवाल उठाए जाते हैं इसलिए मतदाता सूची को आयोग द्वारा लॉक कर दिया जाता है ताकि इसमें कोई फेरबदल न हो सके। फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र को लेकर भी सतर्कता बरती जा रही है। प्रति एक हजार जनसंख्या के पीछे एक मतदान केंद्र बनाया जाता है इसलिए आयोग द्वारा बार बार मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाती है। नये सीईओ ने फिलहाल अलग अलग विभागों के प्रमुखों से चुनाव की जानकारी दी है। आयोग के अनुसार छग में पंजीकृत गैर राजनीतिक दल की संख्या बढ़ती जा रही है इनकी संख्या करीब 40 हो गई है। सभी सामाजिक नेता जातिगत आधार पर सत्ता की चाबी अपने हाथों रखना चाहते हैं। आयोग के अनुसार राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दल भारतीय जनता पार्टी अखिल भारतीय कांग्रेस और आप है बाकि अन्य दल क्षेत्रिय दलों में शामिल किये गये हैं।

## वृक्षों में भी भगवान की आत्मा है: इन्दुभवानन्द

**रायपुर, 7 मई।** विधानसभा आवासीय परिसर जीरो पॉइंट में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में यति प्रवर 1008 डॉ.स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज ने कथा प्रसंग को विस्तार देते हुए बताया कि वृक्षों में भी भगवान का निवास होता है, वृक्ष भी भगवान के स्वरूप माने जाते हैं इसलिए भगवान के रूप में वृक्षों की भी पूजा होती है मनुष्यों को पीड़ा देने में जो कष्ट होता है वही कष्ट वृक्षों को भी काटने में पीड़ा होती है इसलिए कभी भी वृक्षों को अनावश्यक काट छांट करके पीड़ित नहीं करना चाहिए। मनुष्यों के हृदय में बैठा हुआ परमात्मा भी वृक्षों में विराजमान होता है वृक्षों की पूजा से भगवान की पूजा हो जाती है यही सनातन धर्म का वास्तविक उपदेश शास्त्रों ने दिया है, उन्होंने सुखदेव जी के प्रसंग में बताया कि वेद व्यास जी जैसे महात्मा जिन्होंने ब्रह्म सूत्र गीता जैसे ग्रन्थों की रचना की, पीड़ित होकर के कार्त्तभाव से हे पुत्र! हे! पुत्र पुकारते हुए सुकदेव जी के पीछे चले तो सुखदेव की ओर से वृक्षों ने उत्तर दिया।श्री सुखदेव जी महाराज अविकृत परमात्मा है, साक्षात भगवान के स्वरूप हैं। वृक्षों में जो प्रत्यक् चैतन्य है वहीं प्रत्यक् चैतन्य सुखदेव जी महाराज में विराजमान है। वृक्ष और सुखदेव जी में, सुखदेव जी और वृक्ष में कोई भेद नहीं है, सुखदेव जी महाराज सर्वभूत हृदय है, समस्त प्रकृति के हृदय हैं अतः वृक्षों के भी हृदय है। मनुष्य और वृक्षों में सिर्फ उपाधि के भेद के अतिरिक्त कोई भी भेद नहीं है। भारतीय दर्शन न्याय, वैशेषिक के प्रणेता गौतम और कणाद ने भी वृक्षों को प्राणवान माना है। इसलिए श्री सुखदेव जी महाराज की ओर से वेदव्यास जी को वृक्षों ने उत्तर दिया आगे सुधि वक्ता ने बताया कि जो भागवत में है वह सब कहीं है, और जो भागवत में नहीं है, वह कहीं नहीं है।श्रीमद् भागवत हमारे अंतःकरण का दीपक है जो हमारे हृदय में व्याप्त घोर अंधकार को भी नष्ट करने वाला है। संसार के लोगों पर कृपा करके श्री वेदव्यास जी महाराज ने अत्यंत गुह्य पुराण की रचना करके संसारी मनुष्यों पर बहुत बड़ा उपकार किया है।



## सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण करने शहीद स्मारक में समाधान शिविर शुरू

**रायपुर, 07 मई।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुशासन तिहार के अंतर्गत आज नगर निगम रायपुर द्वारा समाधान शिविर का आयोजन शहीद स्मारक में किया गया। जिसमें शत प्रतिशत मांगों एवं शिकायतों का निराकरण किया गया। नगर निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार समाधान शिविर के तहत आज वार्ड क्रमांक 2 से 7 के प्रथम चरण में प्राप्त 3583 शिकायतों का समाधान किया गया। इस प्रकरण को निपटाने के लिए नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अधिकारियों के अनुसार सड़क निर्माण आवास निर्माण नल कलेक्शन गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने सहित अन्य मांगे ज्यादा आई है जबकि शिकायतें कम आई है। इस समय शिकायतों का दौर सिर्फ पेयजल संकट तक का है। शहीद स्मारक में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे विधायक पुरंधर मिश्रा कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह निगम आयुक्त विश्वदीप तथा एसपी लाल उमेंद सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। महापौर ने भी विभिन्न वार्डों में जाकर पेयजल संकट की समस्या का निदान करने का सुझाव दिया है। उन्होंने अनेक वार्डों में भ्रमण किया है। चौबे कालोनी स्थित करबला तालाब में भी सौंदर्यीकरण का शुभारंभ किया इस अवसर पर राजेश मूणत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नगर निगम में पेयजल संकट का निराकरण करने के लिए विभिन्न आयुक्तों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### नशीली टेबलेट के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 07 मई।** पुरानी बस्ती पुलिस ने नशीली टेबलेट के साथ अपचारी बालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1060 नेट्राजेपम टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आंछी तालाब के पास दबिश देकर आरोपी मोहम्मद तबरेज 22 वर्ष और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है।

# प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा तेज

■ दो कार्यकारी अध्यक्ष के फार्मूले पर विचार

**रायपुर, 7 मई।** लगातार चुनावी हार के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है इस बार कांग्रेस हाईकमान 2 कार्यकारी अध्यक्षों के फॉर्मूले पर गंभीरता से विचार कर रहा है। बताया जा रहा है कि रायपुर से लेकर दिल्ली तक इस मुद्दे पर मंथन हो रहा है। विधानसभा, लोकसभा और निकाय चुनाव में मिली हार के बाद दीपक बैज को बदले जाने की चर्चा जोरों पर चल रही थी। कांग्रेस संगठन फिलहाल छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष को न बदलते हुए संगठन को मजबूती देने दो नए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्त पर विचार कर रहा है। कांग्रेस पार्टी पूर्व में भी दो कार्यकारी अध्यक्ष के फार्मूले अंजाम दे चुकी है। बताया जाता है कि आदिवासी वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अनुसूचित जाति और ओबीसी वर्ग के नेताओं को मौका दिया जा सकता है। अगर यह फॉर्मूला सफल होता है, तो 2028 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस अपनी सियासी रणनीति को और धार दे सकती है। आदिवासी और ओबीसी समीकरण को साधने से पार्टी को सत्ता में वापसी का मजबूत आधार मिल सकता है। पार्टी में असंतोष दूर करने के लिए सभी वर्गों को साधने प्रभारी सचिवों के माध्यम से सभी जिलों में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का प्रयास जारी है। इन नेताओं की सक्रियता भी संकेत दे रही है कि वे भी किसी महत्वपूर्ण भूमिका में आ सकते हैं। कांग्रेस हाईकमान संतुलन बनाकर दोनों प्रमुख वर्गों को साधने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा भी कई ऐसे पूर्व विधायक हैं, जिनके नाम दिल्ली तक पहुंच चुके हैं। कांग्रेस हाईकमान को संतुलन बनाने के लिए जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों पर गंभीरता से विचार करना होगा।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा, विधानसभा फिर नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस करारी हार के बाद कांग्रेस संगठन में बदलाव के लिए स्वर उठने लगे है , निकाय चुनाव मतदान के बाद बागियों की घर वापसी पर सवाल उठाने वाले जुनेजा ने पार्टी अध्यक्ष दीपक बैज की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए संगठन में तुरंत बदलाव की मांग की है. उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को नहीं, हमारे मौजूदा संगठन को हार मिली है.

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा था कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की न प्रदेश में पकड़ बना, न कुछ काम किया. दीपक बैज की कार्यप्रणाली से कोई खुश नहीं है.नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को नहीं, बल्कि मौजूदा संगठन को हार मिलने की बात कहते हुए कुलदीप जुनेजा ने कहा कि चार चुनाव हार के बाद भी यदि इस्तीफ़ा मांगा जाए तो शर्म की बात है. नैतिकता नाम की भी कोई चीज होती है, दीपक बैज को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए. कांग्रेस संगठन में बदलाव बहुत जरूरी है. कांग्रेस संगठन में बदलाव बहुत जल्द होना जरूरी है।

## परमानन्द जैन बने कैट के प्रदेश अध्यक्ष




**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के छत्तीसगढ़ चेप्टर की बैठक दिनांक 06 मई 2025, मंगलवार को दोपहर 3 बजे प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी जी को नई प्रदेश कार्यकारिणी गठन हेतु अधिकृत किया गया था। श्री पारवानी के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई, जिसमें तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोषी ने श्री परमानन्द जैन के नाम का प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए श्री परमानन्द जैन को छत्तीसगढ़ प्रदेश का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया। यह निर्वाचन कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद (चांदनी चौक, नई दिल्ली) श्री प्रवीण खंडेलवाल जी की अनुशंसा पर संपन्न हुआ। बैठक के प्रारंभ में श्री जितेन्द्र दोषी ने सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए संगठन के प्रति अपनी आभार भावना प्रकट की और नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं।

## मेथोडोलॉजी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर, 7 मई।** विवेकानंद महाविद्यालय व विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में ÷रिसर्च मेथोडोलॉजी एण्ड इम्प्लीमेंटेशन आफ स्टैटिकल टूल्स ÷ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन आज 8 मई को किया गया है। विवेकानंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन आज 7 मई को सुबह 9֊30 बजे मुख्य अतिथि डॉ. शैलेंद्र कुमार पटेल (कुल सचिव पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए विवेकानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने बताया कि उद्घाटन समारोह के बाद प्रथम दिवस विषय विशेषज्ञ प्रो. राजीव चौधरी( प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) शोध प्रविधि और स्टैटिकल टूल्स विषय पर जानकारी दी। कार्यशाला में दोनों महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थि उपस्थित थे।

## उपचार नहीं मिलने के कारण सेंट्रल जेल में विचाराधीन कैदी की मौत




**रायपुर, 7 मई।** रायपुर की केंद्रीय जेल से एक चौंकाने वाला सामने आया है, जिसने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. 302 के मामले में केंद्रीय जेल में बंद विचाराधीन कैदी की मौत हो गई है. आरोप है कि तीन महीने से बीमार चल रहे विचाराधीन कैदी मोहम्मद सदाफ़ को समय पर इलाज नहीं मिला, जिससे उसकी जान चली गई. मामले में परिजनों ने जांच की मांग की है. मृतक के भाई राजा ने बताया कि पिछले तीन महीने से सदाफ़ की तबीयत खराब थी. उसे सीने में लगातार दर्द की शिकायत रहती थी और वह कई बार जेल प्रशासन से इलाज की गुहार लगाता रहा. राजा ने आरोप लगाया कि हमने कई बार जेलर से मिलकर इलाज की मांग की, लेकिन सिर्फ गैस की दवा देकर टाल दिया गया. उसे मेकाहारा जैसे बड़े अस्पताल में इलाज की जरूरत थी, लेकिन जेल प्रशासन ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई. परिजनों का कहना है कि अगर समय रहते उचित इलाज मिलता, तो मोहम्मद सदाफ़ की जान बचाई जा सकती थी. फिलहाल, जेल प्रशासन ने मृतक के शव को परिजन को सौंप दिया है.

## रमन सिंह 10 को करेंगे 'कोसल के क्रांतिवीर' का विमोचन

**रायपुर 7 मई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शनिवार 10 मई को 'कोसल के क्रांतिवीर 'पुस्तक का विमोचन करेंगे. विमोचन समारोह शाम 5. 30 बजे शंकर नगर, रायपुर स्थित उनके आवास (स्पीकर हाउस ) में आयोजित किया जाएगा. पुस्तक के लेखक महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू हैं. उनकी यह पुस्तक वर्ष 1857 के दौर में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओड़िशा में हुए क्रांतिकारियों के महान संघर्षों और बलिदानों पर केंद्रित है. इतिहास के उस दौर में दोनों राज्यों का यह इलाका कोसल प्रदेश के नाम से जाना जाता था. पुस्तक विमोचन समारोह की अध्यक्षता बरगढ़ (ओड़िशा )के लोकसभा सांसद श्री प्रदीप पुरोहित करेंगे. समारोह में विशेष अतिथि के रूप में महासमुन्द की लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, महासमुन्द के विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा और राजिम के विधायक श्री रोहित साहू उपस्थित रहेंगे.वरिष्ठ इतिहासकार और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीशंकर निगम मुख्य वक्ता के रूप में पुस्तक की विषय -वस्तु पर प्रकाश डालेंगे.

## वक्फ बोर्ड संशोधन के लिए भाजपा का संवाद जारी

**रायपुर, 07 मई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक पर संवाद जारी है। भाजपा के नेताओं के अनुसार अलग अलग जिलों में यह कार्यक्रम चल रहा है। भाजपा के प्रवक्ता के अनुसार राज्य में वक्फ संशोधन पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया है। हाईकमान के निर्देशानुसार राज्य में प्रत्येक जिले में यह कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें समाज के सभी वर्गों को वक्फ संशोधन से होने वाले फायदों को बताया जाएगा। प्रत्येक जिले में जिलाध्यक्ष के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं। वे संशोधन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे है। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों सामंजस्य बढ़ाना है। ज्ञात रहे वक्फ बोर्ड के नाम पर कई जमीन हथिया ली गई है अब विभिन्न मस्जिदों को इसका किराया देना होगा। प्रदेश के हज बोर्ड के मुखिया सलीम राज इस समय राज्य का सघन दौरा कर रहे हैं। छग वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने बताया कि वक्फ संशोधन का पालन छग राज्य में प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26